हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 30 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.9 डिग्री
न्यूनतम 18.7 डिग्री

# अंग्रेजी-गणित से तौबा, इलेक्टिव सब्जेक्ट में इतिहास, भूगोल राजनीति जैसे विषयों का चयन, क्योंकि ये स्पर्धा में सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

राजधानी में कला संकाय के छात्रों ने अंग्रेजी और गणित से तौबा कर ली है। इसकी जगह वे अपना ध्यान 'बिजनेस' में दे रहे हैं। दरअसल वर्तमान शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों को अपने संकाय के अलावा दूसरे संकाय से एक विषय का चयन करने की सुविधा दी गई है। इसे जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट नाम दिया गया है। इसके अंतर्गत कला संकाय के विद्यार्थी वाणिज्य अथवा गणित-विज्ञान संकाय के किसी के भी विषय का चुनाव कर सकते हैं। इसी तरह वाणिज्य और गणित-विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को भी अन्य संकाय के विषयों का चुनाव करने छूट मिली थी।

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष की सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी से आयोजित की जा रही हैं। इसके लिए ▶▶|शेष पेज 11 पर

## वर्तमान शैक्षणिक सत्र से छात्रों को दूसरे संकाय से एक विषय चुनने दिया गया था अवसर

- राजधानी में कला संकाय के 90 फीसदी छात्रों ने चुना बिजनेस लॉ व प्रिंसिपल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट
- वाणिज्य सहित विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने किया राजनीति विज्ञान और इतिहास का चयन



### वाणिज्य छात्रों ने नहीं लिया विज्ञान

कॉमर्स स्टूडेंट्स के पास मौका था कि वे कला अथवा गणित-विज्ञान संकाय में से किसी विषय का चुनाव करें। वाणिज्य संकाय के छात्रों ने इतिहास और राजनीति विज्ञान का चुनाव प्राथमिकता के साथ किया है। इसके अलावा किसी-किसी महाविद्यालय में उन्होंने मनोविज्ञान और समाजशास्त्र जैसे विषय चुने हैं। महाविद्यालय के प्राचार्यों और प्राध्यापकों का कहना है कि ये विषय पीएससी, यूपीएससी, एसएससी सहित व्यापम और अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित कराई जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक होते हैं। भविष्य को देखते हुए ही उपयोगिता के आधार पर उन्होंने इसका चयन किया है।

### भूगोल और राजनीति शीर्ष पर

प्रथम सेमेस्टर में कॉमर्स के 500 विद्यार्थी हैं। इनमें से अधिकतर ने भूगोल और राजनीति विज्ञान का चयन किया है। इसके अलावा वे इतिहास भी पढ़ रहे हैं। कला के छात्रों ने बिजनेस लॉ में दिलचस्पी दिखाई है। गणित और इंग्लिश लिटरेचर से वे अपेक्षाकृत दूर हैं।

\- **प्रो.प्रोतिभा मुखर्जी,** प्राचार्य
दुर्गा महाविद्यालय

### सभी ने चुना इतिहास

हमारे महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थियों ने इतिहास का चुनाव किया है, क्योंकि ये प्रतियोगी परीक्षा में सहायक है। आर्ट्स स्टूडेंट्स ने प्रिंसिपल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट चुना है, क्योंकि इससे स्टार्टअप सहित अन्य व्यवसाय में मदद मिलती है।

\- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी,** प्राचार्य
महंत महाविद्यालय

### राजनीति के अलावा समाजशास्त्र

विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी कला के विषय में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अधिकतर छात्रों ने जेनेरिक इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र जैसे विषयों का चुनाव किया है।

\- **डॉ.संगीता घई,** प्राचार्य
डागा महाविद्यालय

## खबर संक्षेप

### अस्पताल से भागे युवक की संदिग्ध हालत में मिली लाश



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में उपचार कराने पुलिस द्वारा भर्ती कराए युवक की जयस्तंभ चौक स्थित एसबीआई बैंक के पास लाश मिली है। युवक की कमर पर चोट के निशान हैं। उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मौदहापारा पुलिस के मुताबिक, शनिवार को नशेड़ी युवक मिर्गी का मरीज था, उसे रजबंधा मैदान के पास बीमार हालत में रेस्क्यू कर उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक अस्पताल से किसी को बताए बगैर भाग गया। लोगों ने युवक को घायल अवस्था में एसबीआई के पास लड़खड़ाते देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक की मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई।

### युवती से किया रेप ब्लैकमेलिंग भी

**रायपुर।** टिकरापारा की एक युवती ने डीडीनगर थाने में अपने एक परिचित युवक के खिलाफ रेप तथा ब्लैकमेलिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया कि उसके परिचित दीपक शर्मा ने उसे तीन वर्ष पूर्व अपने परिजनों से मिलने घर ले जाने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। युवती ने आरोप लगाया है कि रेप करने के बाद दीपक उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हुए तीन साल से रेप कर रहा है। युवती ने दीपक पर ब्लैकमेलिंग कर 90 हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया है।

### लेनदेन के विवाद पर मारपीट, गाली-गलौज

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवक ने लेनदेन विवाद में उसके साथ मारपीट होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



गोमती विहार निवासी शिवा वासवानी ने रोहित राउतकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिवा ने पुलिस को बताया कि रोहित ने उसके स्टूडियो में आकर लेनदेन के विवाद को लेकर गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट की है।

### हाईवा की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अभनपुर ओवरब्रिज के सर्विस रोड में हाईवा सीजी 04 एमएस 8901 की चपेट में आने से हसदा निवासी बाइक चालक चुम्मन लाल ध्रुव की मौत हुई है। बाइक सवार एक अन्य युवक घायल है।

शनिवार की देर रात गर्म लोहे की गोले उठा रही क्रेन टूटकर फैक्ट्री कर्मी पर गिरी

# मजदूरों की मौत के बाद मुआवजे के लिए भी करना पड़ा संघर्ष, जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धरसीवां

**हरिभूमि फॉलोअप**

राजधानी रायपुर से महज चंद किलोमीटर की दूरी पर मौजूद सिलतरा की हिंदुस्तान कॉइल लिमिटेड फैक्ट्री में शनिवार को क्रेन गिरने से दो मजदूरों की मौत से बेहाल परिजनों व करीबियों को मुआवजे के लिए भी कड़ा संघर्ष करना पड़ा। उनके संघर्ष के कारण रविवार को मृतकों का पोस्टमार्टम भी नहीं किया जा सका है। बताया जा रहा है कि पुलिस प्रशासन ने मजदूरों की मौत के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी फैक्ट्री संचालक और प्रबंधन पर मामला दर्ज नहीं किया है। बवाल मचाने के बाद फॉक्ट्री प्रबंधन ने दोनों फॉक्ट्री कर्मियों के परिवार को अलग अलग 22 लाख रुपए मुआवजा दिया है।

जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में शनिवार की रात क्रेन गिरने से दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। क्रेन गिरने से बिलासपुर के रहने वाले ऑपरेटर जितेंद्र श्रीवास (32) और बिहार निवासी सोनू राय (30) दोनों ऑपरेटर हजारों टन लोहे में दब गए। जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम और पुलिस प्रशासन ने लगभग 08 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाया।

## दो की घटनास्थल पर हुई थी मौत, 6 घण्टे की मशक्कत के बाद निकला शव



### इस तरह हुआ हादसा

सिलतरा चौकी के प्रभारी ने बताया कि घटना देर रात करीब 12 से 12.30 बजे के आस-पास हुई। हिंदुस्तान कॉइल्स लिमिटेड प्लांट में हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य शुरू किया। क्रेन में गर्म लोहे के लावे को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा रहा था। ट्रांसफर का काम चल ही रहा था, इसी दौरान क्रेन टूट कर जमीन पर गिर गई। इस दौरान दोनों क्रेन ऑपरेटर गर्म लावे की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस की टीम द्वारा इस मामले में प्लांट प्रबंधक से पूछताछ कर जानकारी हासिल की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए आंबेडकर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।



### जमकर हंगामा

घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्हें प्रबंधन द्वारा दोनों की मौत की सूचना नहीं दी गई, बल्कि साथी कर्मचारियों ने हादसे की सूचना दी। रात 2:00 बजे तक परिजनों को मृतकों को देखने नहीं दिया गया। देर रात तक मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम फैक्ट्री ▶▶|शेष पेज 11 पर

### पुलिस जांच कर रही

फैक्ट्री के क्रेन में गर्म लोहे के लावे को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा रहा था। ट्रांसफर का काम चल ही रहा था, इसी दौरान क्रेन टूट कर जमीन पर गिर गई। जिससे यह हादसा हो गया है, आगे पुलिस जांच कर रही है।

\- **बालेश्वर लहरे**
प्रभारी, सिलतरा पुलिस चौकी

# साय कैबिनेट की साल की अंतिम बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साल 2024 समाप्त होने जा रहा है। नववर्ष 2025 की शुरुआत से पहले साल 2024 की साय कैबिनेट की अंतिम मीटिंग होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है, जो 30 दिसंबर को होने जा रही है। मंत्रालय में आयोजित इस बैठक में निकाय चुनाव पर अहम मंथन हो सकता है।



- नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर होगा मंथन

जनवरी में नगरीय निकाय चुनाव प्रस्तावित है। चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। साय कैबिनेट की मीटिंग में इस बात पर फैसला हो सकता है कि नगरीय निकाय चुनाव कब से शुरू होगा। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कैबिनेट में बड़े फैसले की संभावना जताई जा रही है। बैलेट पेपर से प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव कराने के फैसले के बाद कैबिनेट इस पर मुहर लगाएगी।

### धान खरीदी पर होगी चर्चा

साय कैबिनेट में धान खरीदी पर भी चर्चा हो सकती है। धान खरीदी के लक्ष्य और खरीदी से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं पर चर्चा हो सकती है। वहीं धान का उठाव न होने से कई खरीदी केंद्रों में व्यवस्था प्रभावित होने की समीक्षा भी की जाएगी।

### नए साल का लक्ष्य तय होगा

प्रदेश में विकास कार्यों के मुद्दे पर भी साय कैबिनेट में मंथन होगा। पीएम आवास योजना के अलावा महतारी वंदन योजना और अन्य कई मुद्दों पर भी मंथन की संभावना जताई जा रही है। नए साल में सरकार का क्या लक्ष्य होगा, इन सभी मुद्दों को लेकर कैबिनेट में मंत्रियों से मुख्यमंत्री मंथन कर सकते हैं।

# शास्त्री चौक-नो एंट्री जोन में ऑटो, ई-रिक्शा रोकने सुबह से मशक्कत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शास्त्री चौक पर ई-रिक्शा, ऑटो ले जाने पर प्रतिबंध लगाने के बाद इसका पालन कराने ट्रैफिक पुलिस के जवान सुबह से वहां पहुंच गए थे। सामान्य दिनों की तरह कई ई-रिक्शा तथा ऑटो चालक अपने वाहन लेकर सवारी की तलाश में शास्त्री चौक में डीकेएस अस्पताल के पास पहुंच गए थे। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा तथा ऑटो लेकर पहुंचे वाहन चालकों को हिदायत देकर वहां से चलता किया। इस बीच कई ई-रिक्शा तथा ऑटो चालक ट्रैफिक पुलिस के जवानों से उलझते दिखे, जिन्हें समझाइश देकर वहां से जाने के लिए कहा ▶▶|शेष पेज 11 पर

- तड़के कई ऑटो ई-रिक्शा चालक अपने वाहन लेकर शास्त्री चौक पहुंच गए थे

### वर्किंग डे में पता चलेगा रोक का असर

शास्त्री चौक पर ई-रिक्शा तथा ऑटो के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने से ट्रैफिक का दबाव कितना कम हुआ, शास्त्री मार्ग पर कितना असर हुआ, इसका पता वर्किंग डे में ही चलेगा। अफसरों का मानना है कि शास्त्री चौक पर ई-रिक्शा तथा ऑटो पर प्रतिबंध लगाने से वहां ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

### समीक्षा करने के बाद निर्णय लेंगे

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के अनुसार, शास्त्री चौक पर ट्रैफिक दबाव कम करने ई-रिक्शा तथा ऑटो प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना नया प्रयोग है। एक सप्ताह बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के बाद शास्त्री चौक पर ई-रिक्शा तथा ऑटो ले जाने पर रोक को नियमित किया जाए या नहीं, इस पर एक सप्ताह बाद निर्णय लिया जाएगा।

## दो दर्जन से ज्यादा चौराहों से हटा रहे कब्जा, बना रहे रोटरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त पहल से शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने राजधानी के 25 चौराहों को कब्जामुक्त कर स्थायी रोटरी बनवाई जा रही हैं। साथ ही संबंधित मार्ग पर डिवाइडर का निर्माण कर आवागमन को सुगम बनाने की तैयारी में जुटे हैं। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रविवार को शहर के विभिन्न मार्गों पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। राजधानी में 2 दर्जन से ज्यादा चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कर वहां स्थायी रोटरी बनाने का काम चल रहा है। भाठागांव से काठाडीह मार्ग पर चौड़ीकरण, तेलीबांधा क्षेत्र के मेक इन इंडिया चौक, अवंति विहार में मार्ग निर्माण, शंकरनगर, लाखेनगर चौक, आईएसबीटी चौक पर ट्रैफिक सिग्नल सहित विभिन्न मार्गों पर रोड डिवाइडर निर्माण कराया जा रहा है। निगम आयुक्त ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

- नगर निगम, जिला प्रशासन पुलिस महकमे की संयुक्त पहल

# शीतलहर से होगा नववर्ष का स्वागत, न्यूनतम तापमान में आएगी 8 डिग्री तक गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कम होगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, शुष्क रहेगा मौसम
- हवा की दिशा बदलते ही नमी की मात्रा में आएगी कमी

प्रदेश में बदली-बारिश का सिलसिला आज से थम जाएगा। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में तेजी से कमी आएगी और ठंड में एक बार फिर वृद्धि होगी। ऐसा पश्चिमी विक्षोभ के कारण होगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का असर अब प्रदेश में घटेगा। इसका असर कम होने से हवा की दिशा में परिवर्तन होगा और नमी की मात्रा घटेगी और मौसम पूर्णतः शुष्क रहेगा। मौसम शुष्क रहने के कारण तापमान में तेजी से गिरावट आएगी। लोगों को सिर्फ आज ही ठंड से राहत रहेगी। मंगलवार से तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरु हो जाएगा।

मंगलवार से लेकर अगले 4 से 5 दिनों में राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अधिकतर स्थानों में न्यूनतम तापमान में क्रमशः कमी आएगी। अधिकतम तापमान में भी गिरावट संभावित है। मौसम विभाग ने 2 जनवरी तक प्रदेश के अधिकतर भाग में न्यूनतम तापमान में 6-8 डिग्री गिरावट की संभावना जताई है। उत्तर छत्तीसगढ़ में एक जनवरी से कुछ पैकेट में शीतलहर चल सकती है।



### दुर्ग सबसे गर्म

ठंड में वृद्धि से पहले कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक ऊपर चढ़ चुका है। इसमें राजधानी रायपुर भी शामिल है। यहां रविवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.7 डिग्री अधिक 18.7 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक 28.9 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे गर्म दुर्ग रहा, जहां अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान बलरामनुर में 12.6 डिग्री दर्ज हुआ।

### कोटाडोल में 2 सेमी बारिश, राजधानी में सिर्फ बादल

प्रदेश में 30 दिसंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके पूर्व प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। कुछ स्थानों पर 2 सेमी तक बारिश हुई है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, मनेन्द्रगढ़ जिले के अंतर्गत कोटाडोल, पौडी उपरोरा, जनकपुर, भरतपुर, प्रतापपुर, कोटा और शंकरगढ़ में 2 सेमी बारिश हुई। वांड्रफनगर, बिल्हा, रामानुजनगर, लवन, चांदो, भैयाथान, दर्री, कटघोरा, बेलगहना, चलगली और डोरा कोचली में 1 सेमी बारिश हुई। अन्य स्थानों पर इससे कम बारिश दर्ज की गई।

## अंतिम संस्कार में बिहार गए इंजीनियर के घर चोरों का धावा, 10 लाख पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी के हर्ष विहार में रहने वाले आईटी इंजीनियर के सूने मकान में चोरों ने दो लाख रुपए कैश सहित 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। वह अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने बिहार गया था, इस दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम दिया। आशीष रंजन ने पंडरी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसके ससुर का 7 दिसंबर को निधन हो गया। जानकारी मिलने के दूसरे दिन आशीष अपने पूरे परिवार के साथ अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने बिहार चला गया। 27 दिसंबर शाम को बिहार से वापस लौटा तो उसने देखा कि ▶▶|शेष पेज 11 पर



- पंडरी थाना क्षेत्र का मामला

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# 10 साल बाद पुनरीक्षण, सड़क-सेतु निर्माण कार्य के लिए जनवरी से नई एसओआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग सड़क एवं सेतु कार्यों के लिए दर अनुसूची (एसओआर) में बड़ा परिवर्तन करते हुए पुनरीक्षण कर 1 जनवरी 2025 से नवीन दर अनुसूची लागू करने जा रहा है। नवीन दर अनुसूची राज्य में दस साल बाद लागू होने जा रही है। वर्तमान दर अनुसूची 1 जनवरी 2015 से लागू है। विगत 10 वर्षों में इसमें बहुत परिवर्तन हो चुका है। नवीन दर अनुसूची वर्तमान में श्रमिकों की दर, सामग्री की दर एवं मशीनरी की दर लेकर बनाई गई है, जिससे दर अनुसूची अद्यतन हो गई है। उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने संवाददाताओं को बताया कि नवीन दर अनुसूची लागू होने से निर्माण कार्यों के डीपीआर प्राक्कलन में कार्य लागत का आकलन वास्तविक होगा एवं कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दी जाने वाली राशि कार्य करते समय पुनरीक्षित स्वीकृति की आवश्यकता कम होगी। इससे कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा में पूर्ण करने में सार्थक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में जारी की गई दर अनुसूची उस समय प्रचलित समस्त टैक्स को समावेशित करते हुए तैयार की गई थी। 1 जुलाई 2017 को उस समय प्रचलित सभी टैक्स को समाहित करते हुए जीएसटी पद्धति लागू की गई। वर्तमान दर अनुसूची को तैयार करते समय जीएसटी को नहीं जोड़ा गया है। कार्यों के प्राक्कलन तैयार करते समय कुल लागत में प्रचलित जीएसटी दर को अलग से जोड़कर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा अपनी निविदा दर जीएसटी सहित दी जाएगी एवं ठेकेदार को अलग से जीएसटी का भुगतान नहीं करना होगा, परंतु कार्य की लागत में जीएसटी का प्रभाव सम्मिलित रहेगा। दरों को जीएसटी के प्रभाव के बिना रखे जाने से समय-समय पर जीएसटी के दरों में होने वाले परिवर्तन के कारण ठेकेदार को कार्य करने में जोखिम नहीं रहता है।

## उप मुख्यमंत्री साव ने कहा-10 साल बाद राज्य में नई दर अनुसूची

### नई तकनीक, नए मटेरियल को जोड़ा गया

विगत 10 वर्षों से कई नवीन तकनीक, नए मटेरियल एवं आईआरसी द्वारा विभिन्न कार्यों की कार्यविधि में परिवर्तन किया गया है। नवीन तकनीक एवं नवीन मटेरियल के उपयोग का प्रावधान भी नवीन एसओआर में किया गया है। इनमें सीमेंट एवं केमिकल से स्वाईल स्टेबलाइजेशन, पेव्हमेंट व्हाइट टॉपिंग, रोड साइनेज में एल्युमीनियम कम्पोजिट मटेरियल शीटिंग का उपयोग, प्री-कास्ट आरसीसी ड्रेन, प्री-कास्ट बॉक्स कल्वर्ट, फाउंडेशन कार्य में आरसीसी के उच्च ग्रेड- एम-40, एम-45, एम-50 का उपयोग, सबस्ट्रक्चर कार्य में प्री-स्ट्रेसिंग, बम्बू क्रैश बैरियर, नॉइस वैरियर शामिल हैं।




### ठेकेदारों को वित्तीय जोखिम कम होगा

*उन्होंने बताया कि वर्तमान में अनुबंध के प्रावधान अनुसार जीएसटी की दरों में परिवर्तन होने से ठेकेदार को जीएसटी के अंतर का भुगतान प्राप्त नहीं होता, जिससे ठेकेदार को अधिक वित्तीय जोखिम होता है। वर्तमान में अनुबंध फार्म में भी परिवर्तन कर ठेकेदार के जोखिम को कम किया जा रहा है। जीएसटी की दरों में वृद्धि होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों एवं एडीबी प्रोजेक्ट के कार्यों के अनुबंध के अनुरूप जीएसटी के अंतर का भुगतान प्राप्त हो सकेगा।*

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने दिवंगत बृजेंद्र श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तवजी ने जो कार्य किए, वे चिरस्थाई रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तव के परिजन उपस्थित थे।

### सीएम साय से शौंडिक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार शाम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शौंडिक समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमण्डल ने राजधानी रायपुर में 11 जनवरी 2025 को आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर शिवरतन प्रसाद गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता और सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौंडिक समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पूर्व सीएम बघेल ने पिता की बरसी पर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पिता स्व. नंदकुमार बघेल की बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर श्री बघेल ने लिखा, आज परिवारजनों के साथ बाबूजी स्व. नंदकुमार बघेल की बरसी पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबूजी का आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे।

### बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक आज लेंगे सांकेतिक जल समाधि

**रायपुर।** सरगुजा एवं बस्तर संभाग में कार्यरत बीएड उपाधिधारी सहायक शिक्षक विगत 15 महीनों से अपनी सेवा सुरक्षा के संकट का सामना कर रहे हैं। अपनी पीड़ा को समाज और सरकार तक पहुंचाने के लिए नवा रायपुर स्थित तूता धरनास्थल पर बीत 11 दिनों से बीएड प्रशिक्षित आदिवासी सहायक शिक्षकों का आंदोलन जारी है। सहायक शिक्षकों का कहना है, नौकरी की सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर शिक्षकों ने गोसेवा, शिव महापुराण में आशीर्वाद प्राप्त करने से लेकर सामूहिक मुंडन और यज्ञ जैसे शांतिपूर्ण तरीकों से विरोध जताया। बावजूद उनकी मांगों का कोई समाधान नहीं निकला, इसलिए 30 दिसंबर को तूता स्थित तालाब में सांकेतिक जल समाधि लेंगे।

---

### कवासी लखमा, उनके बेटे सहित अन्य पूछताछ के लिए आज ईडी दफ्तर तलब

# शराब घोटाला मामले में लखमा ने कहा- मैं तो अनपढ़, अफसर जहां बोले, सिग्नेचर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा सहित अन्य को सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी ने समंस जारी किया है। श्री लखमा ने खुद इसकी पुष्टि की है। श्री लखमा ने बताया कि उन्हें तथा उनके बेटे को ईडी ने सोमवार को पूछताछ करने अपने कार्यालय तलब किया है। ईडी ने शनिवार को जिन लोगों के यहां रेड की थी, उनकी प्रॉपर्टी की जानकारी हासिल करने संबंधित जिलों के रजिस्ट्री कार्यालय को पत्र लिखा जाएगा। साथ ही बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी के लिए बैंकों को पत्र लिखेंगे।

हरिभूमि फॉलोअप

छापे की कार्रवाई के बाद कवासी लखमा का बयान सामने आया है। बयान में श्री लखमा ने कहा कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने उनसे सवाल किए हैं। वे अनपढ़ हैं, आबकारी अधिकारी एपी त्रिपाठी तथा उनके ओएसडी जिस कागज पर सिग्नेचर करने के लिए बोलते थे, वे उस कागज में हस्ताक्षर कर देते थे। श्री लखमा के अनुसार घोटाले का मास्टर माइंड एपी त्रिपाठी है। कवासी लखमा के अनुसार कितने करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है, उसे इस बात की जानकारी नहीं है। श्री लखमा ने कहा कि उसे एक रुपया भी नहीं मिला है।

### प्रॉपर्टी की जांच करने जिला कार्यालयों और ट्रांजेक्शन की जानकारी लेने बैंकों को लिखेंगे पत्र


शराब घोटाला को लेकर ईडी ने की है कार्रवाई

पूर्व आबकारी मंत्री, उनके बेटे, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष, कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की दबिश

### ओएसडी को हिरासत में लेने की चर्चा

शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के एक ओएसडी के यहां भी छापे की कार्रवाई की गई थी। ईडी के अफसर उन्हें पूछताछ करने रविवार को अपने साथ ईडी कार्यालय लेकर आ गए थे। पूछताछ करने लाए गए ओएसडी की हिरासत में लिए जाने की चर्चा थी, लेकिन देर रात पूछताछ करने के बाद ईडी ने ओएसडी को छोड़ दिया।

### शराब मामले में गिरफ्तारी संभव

शराब घोटाला मामले में ईडी ने कई स्थानों से दस्तावेज के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं। जिन लोगों के यहां ईडी ने छापे की कार्रवाई की है, उन्हें ईडी ने सोमवार को पूछताछ के लिए कार्यालय तलब किया है। आशंका जताई जा रही है कि पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ईडी के अफसर कुछ लोगों को गिरफ्तार कर सकते हैं।

### लखमा बोले- छापे में क्या मिला, मुझे जानकारी नहीं

*श्री लखमा ने बताया कि उनका तथा उनके बेटे का मोबाइल ईडी के अफसर अपने साथ ले गए हैं। ईडी के अफसर लखमा के निवास पर शनिवार सुबह 7 बजे छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। अन्य करीबियों के यहां छापे की कार्रवाई के बारे में उन्होंने कहा कि अन्य जगह छापे की कार्रवाई में ईडी को क्या मिला है, उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है।*



*श्री लखमा के अनुसार, उनके यहां छापे की कार्रवाई में ईडी को एक फूटी-कौड़ी तक नहीं मिली है। ईडी के अफसरों ने उनके पूरे घर तथा गाड़ियों की, सभी जगह की जांच की। हमने पूरा घर ईडी के अफसरों को सौंप दिया था। ईडी ने उनकी तथा परिवार की संपत्ति के बारे में जानकारी मांगी। उनके बाप-दादा के समय की चार एकड़ जमीन है। श्री लखमा ने मंत्री बनने के बाद किसी तरह से जमीन नहीं खरीदने की बात कही।*

---

# दिल्ली में प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों के पैनल पर मंथन, जल्द होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में भाजपा के 36 जिला संगठनों के जिलाध्यक्षों के पैनल पर रविवार को दिल्ली में मंथन किया गया है। ज्यादातर जिलाध्यक्षों के नाम फाइनल हो चुके हैं। इसकी घोषणा जल्द होने की संभावना है। इसी के साथ दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित संगठन चुनाव के राष्ट्रीय पदाधिकारी, देश के सभी राज्यों के पदाधिकारियों को कार्यशाला में राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद नवंबर से संगठन चुनाव चल रहा है। इसमें पहले चरण में बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ और फिर तीसरे चरण में जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में पहले भाजपा संगठन के 35 जिले थे, जो अब 36 हो गए हैं। बिलासपुर में एक और जिला बढ़ा दिया गया है। ऐसे में सभी जिला संगठनों में जिलाध्यक्षों के दावेदारों के नाम मंगाकर पहले 27 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में जिलाध्यक्षों के नामों का पैनल तय किया गया।

### राज्यों के अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पर कार्यशाला

*दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर अंतिम कार्यशाला रविवार को सुबह हुई। इसमें सभी राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय चुनाव के पदाधिकारियों ने राज्यों के अध्यक्ष के चुनाव के बारे में जानकारी दी। इसमें बताया गया कि अगर किसी राज्य में अध्यक्ष के चुनाव की स्थिति आती है तो क्या करना है। इसके लिए मतदान का अधिकार किनको रहेगा, इसकी भी पूरी जानकारी दी गई। राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव के बाद जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। कार्यशाला में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख शामिल हुए।*

---

# पीएम मोदी ने 'मन की बात' में की बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुख्यमंत्री साय और गृहमंत्री शर्मा ने जताया आभार
- बस्तर ओलिंपिक एक ऐसा मंच, जहां विकास और खेल का हो रहा संगम
- सीएम साय ने कहा- शांति, विकास और सामूहिक प्रयासों से किया जा सकता है प्रत्येक चुनौती का सामना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, पहली बार हुए बस्तर ओलिंपिक से बस्तर में नई क्रांति जन्म ले रही है। मेरे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि बस्तर ओलिंपिक का सपना साकार हुआ है। यह ओलिंपिक उस क्षेत्र में हो रहा है, जो जगह कभी माओवादी हिंसा का गवाह रही है। बस्तर ओलिंपिक का शुभंकर है वनभैंसा और पहाड़ी मैना। इसमें बस्तर की समृद्ध संस्कृति की झलक दिखती है। बस्तर खेल महाकुंभ का मूलमंत्र है, 'करसाय ता बस्तर, बरसाय ता बस्तर' यानी खेलेगा बस्तर, जीतेगा बस्तर।

प्रधानमंत्री ने बस्तर ओलिंपिक की सराहना करते हुए कहा, पहली ही बार में बस्तर ओलिंपिक में बस्तर संभाग के 7 जिलों के एक लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, युवाओं के संकल्प की गौरवगाथा है। एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल, हर खेल में हमारे युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार बस्तर में बदलाव और यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाने दृढ़ संकल्पित है।

### नक्सल उन्मूलन के प्रयासों की सार्थकता का अनुभव



उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए जिन आयामों की शुरुआत पर जोर दिया है, उनमें से एक महत्वपूर्ण प्रयास बस्तर ओलिंपिक भी रहा है, जिसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम मन की बात में चर्चा कर इस प्रयास को उदार मन से सराहा है। प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर ओलिंपिक को सराहे जाने से नक्सल उन्मूलन की दिशा में प्रदेश की भाजपा सरकार को अपने प्रयासों की सार्थकता अनुभव हुई है।

---

# आयुष्मान कार्ड शिविर में दो हजार से अधिक ने लिया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया। यह शिविर शहीद पंकज विक्रम वार्ड में महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी के निवास में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी ने किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि अभी तक 10 जगह आयुष्मान कार्ड शिविर सिंधी काउंसिल लगा चुका है और लगभग दो हजार से ज्यादा लोगों ने शिविर का लाभ लिया है, जिनका शिविर में कार्ड बनाया गया। इसी दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदीजी की शानदार योजना है आयुष्मान कार्ड। हर वर्ग इसका अधिक से अधिक लाभ ले और बुजुर्ग, महिला, बच्चे, सामान्य वर्ग एवं बीपीएल सब लाभ उठाएं। सबसे सच्ची सेवा कर रहा है सिंधी काउंसिल। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बीजेपी सरकार की सबसे अच्छी योजना, जिसका लाभ हर वर्ग उठाए। इस शिविर में सचिन मेघानी, संजय रहेजा, सुनील कुकरेजा, डॉ. एनडी गजवानी, कमल विधवानी, मुखी चंदर देवानी, अभय आठवानी, प्रकाश बलवानी आदि शामिल थे।

### दर्जनभर जगहों पर प्रसाधन, नए शौचालय बनाएगा निगम

**रायपुर।** शहर में 13 स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए 6 और 10 सीटर नए शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत राजधानी में शौचालय के साथ यूरिनल निर्माण के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदा निकाली जाएगी। अनुबंधित कंपनी 5 साल तक शौचालय के संधारण-संचालन करेगी। राजधानी में सार्वजनिक प्रसाधन की कमी को देखते हुए नगर निगम ने 13 स्थानों पर आकांक्षीय शौचालय का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। योजना के मुताबिक, शहर के 3 स्थानों पर 6 सीटर और 10 जगहों पर 10 सीटर नए शौचालय का निर्माण करने की तैयारी है, ताकि लोगों को आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न स्थानों पर शौचालय की सुविधा मिल सके।

**यहां 10 सीटर शौचालय**

तेलीबांधा तालाब के पास, स्वामी विवेकानंद सरोवर के पास, कटोरा तालाब के पास, कालीमाता मंदिर के पास, महामाया मंदिर के पास, भाठागांव बस स्टैंड के पास, श्रीराम मंदिर के पास, जीई रोड पर नालंदा परिसर के समीप, समता कॉलोनी क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर के पास, जगन्नाथ मंदिर के पास।

**6 सीटर शौचालय इन जगहों पर**

पुरानी बस्ती क्षेत्र में दूधाधारी मठ के पास, विद्याचरण शुक्ल वार्ड में एजेंसी पार्क के पास, महादेवघाट के पास।

---

# कबीर नगर की शाखा में संघ प्रमुख भागवत ने किया सूर्य नमस्कार और व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- स्वयंसेवक रतन चक्रधर के घर पर खाया खाना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत रायपुर में हैं। तीसरे दिन सुबह को करीब नगर की व्यावसायिक शाखा में गए और वहां पर सभी के साथ सूर्य नमस्कार करने के साथ व्यायाम भी किया। यहां पर वे एक घंटे तक रहे। दोपहर में उन्होंने रायपुरा स्वयंसेवक रतन चक्रधर के निवास में भोजन किया। अब 31 दिसंबर को वे प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास में भोजन करेंगे। इसी दिन आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों की बैठक भी होगी। जागृति मंडल में भी दिनभर बैठकों का दौर चला। इसमें पर्यावरण विषय पर पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ चर्चा हुई। संघ का फोकस इस समय पंच परिवर्तन पर है। हर दिन एक विषय पर चर्चा की जा रही है। पहली बार डॉ. भागवत साल के अंत में पांच दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए हैं। इस प्रवास का मुख्य मकसद संघ को मजबूत करना है। संघ को मजबूत करने के लिए पंच परिवर्तन के विषय तय किए हैं। अपने दौरे में डॉ. भागवत राजधानी की शाखाओं में भी जा रहे हैं। दूसरे दिन सुबह से सत्र में वे कबीर नगर की व्यावसायिक शाखा में पहुंचे। इस शाखा में 40 वर्ष से ज्यादा के ऐसे स्वयंसेवक शामिल हैं, जो नौकरीपेशा या कारोबारी हैं। इस शाखा में डॉ. भागवत एक घंटे तक रहे। यहां पर शाखा की दिनचर्या में शामिल होने के साथ उन्होंने शाखा के स्वयंसेवक से चर्चा भी की। इसी के साथ कबीर नगर में मनमोहन सिंह के निवास पर टोली बैठक में भी शामिल हुए।

---

### राजीव भवन में जुटे कांग्रेसियों ने उनके कार्यों को किया याद

# कांग्रेसियों ने दिवंगत पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डॉ. मनमोहन सिंह का देश के लिए योगदान, प्रधानमंत्री और आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में उनके कामकाज को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह सही मायने में देशभक्त थे। अपनी बुद्धि और कौशल के माध्यम से उन्होंने



देश-दुनिया की अविस्मरणीय सेवा की। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रों के समकक्ष खड़ा हो सका। देश की आर्थिक उन्नति में उनका बड़ा योगदान रहा है। उनका निधन देश के लिए, देश की राजनीति के लिए, कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है।

### ये हुए शामिल

*श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अमितेष शुक्ल, जयसिंह अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह होरा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, अनिता शर्मा, महापौर एजाज ढेबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, संजय पाठक, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, मछुआ कांग्रेस अध्यक्ष एमआर निषाद, शहर जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, सुंदर जोगी, मदन तालेड़ा, बबीता नत्थानी, दिनेश शुक्ला, मोहनलाल साहू, घनश्याम क्षत्रिय, मनीराम साहू, बजरंग यादव, पिंकी बाघ, सोन ठाकुर, सोहन शर्मा, राजेंद्र जग्गी, संजय पाठक, सतीश जैन, मुन्ना मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।*

## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद कॉलेज अटारी में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद कॉलेज अटारी में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह एवं अभया जोगलेकर ने किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कॉलेज स्टॉफ की गोला फेंक प्रतियोगिता हुई, तथा विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, व्हॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिसमें व्हॉलीबॉल में बीएससी संकाय ने प्रथम, बीसीए संकाय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी प्रकाश चंद्रवंशी ने दी।

### आशीर्वाद भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शनिवार को शुभारंभ किया गया। शिविर में 70 प्लस 5 लोगों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 55 महिला एवं पुरुषों का सामान्य आयुष्मान कार्ड एवं 60 लोगों के बीपी, शुगर, स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही सर्दी, खांसी, विटामिन की दवाईयां निशुल्क वितरित की गईं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गोल्डी पांडेय, नीलिमा चंद्राकर, खिलेश गायकवाड़, जागेश्वर प्रसाद साहू, उज्ज्वल डोंगरे सहित समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष पं. राघवेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव पं. गौरव शुक्ल, प्रीति मिश्रा, अर्चना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान लेने 100 से ज्यादा नए चॉइस सेंटर, पहले से 74 संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के करदाताओं के लिए एक राहत भरी खबर है। अब नए साल से 100 से ज्यादा नए चॉइस सेंटर करदाताओं से प्रॉपर्टी टैक्स जमा लेने तैयार हैं।

नगर निगम ने इन वेंडरों को जोड़ने सूची बानकर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है। जबकि शहर के 70 वार्डों में 74 चॉइस सेंटरों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने निगम ने एक साल पहले ही अधिकृत कर रखा है। आने वाले दिनों में 174 से भी अधिक चॉइस सेंटर में प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा शहरवासियों को मिलने लगेगी।

दरअसल नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले करदाताओं के कर भुगतान की सुविधा सुगम बनाने नगर निगम ने 74 चॉइस सेंटरों को यूजर आईडी और पासवर्ड दिए हैं, ताकि कोई भी नागरिक अधिकृत चॉइस सेंटर में जाकर आसानी से तत्काल संपत्ति कर का भुगतान कर सके। हरेक वार्ड में एक चॉइस सेंटर इसके लिए अधिकृत किया गया।

आम जनता से मिले रिस्पांस को देखते हुए अब 100 से ज्यादा नए चॉइस सेंटर लोगों से प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा देने तैयार हैं। निगम की आईटी सेल ने संबंधित वेंडरों को इसमें जोड़ने सूची बनाकर शासन को भेज दी है। इसकी विभागीय स्वीकृति मिलते ही लोगों को शहर के अंदर 174 से भी ज्यादा चॉइस सेंटरों से कर भुगतान की सुविधा मिलते देर नहीं लगेगी।

## जोन दफ्तरों में लाइन लगाने की जरूरत नहीं, समय की भी बचत

### प्रति ट्रांसजेक्शन 30 रुपए शुल्क

संपत्ति कर भुगतान चॉइस सेंटर से करने नागरिक को प्रति ट्रांसजेक्शन 30 रुपए की दर से सेंटर संचालक को भुगतान करना है। चाहे ट्रांसजेक्शन एक हजार रुपए हो या 2 लाख रुपए, पर इसके लिए शुल्क 30 रुपए ही देय होगा। हालांकि चॉइस सेंटर के संचालकों ने शुल्क की राशि बढ़ाने संबंधित विभाग को पत्र दिया है, पर नगर निगम ने भारत सरकार के निर्धारित मापदंड को ध्यान में रखते हुए जनहित में यह शुल्क 30 रुपए रखा है।




### हरेक वार्ड में एक चॉइस सेंटर अधिकृत

सूत्रों के मुताबिक, रायपुर शहर में 350 पंजीकृत चॉइस सेंटर 10 जोन के 70 वार्डों में संचालित हैं। इनमें से 74 चॉइस सेंटरों को नगर निगम ने सालभर पूर्व संपति कर भुगतान के एजेंट के रूप में जोड़ा है। वार्ड में औसतन एक चॉइस सेंटर को इस कार्य के लिए सीएसई लॉगिन कर यूनिक आईडी और पासवर्ड दिया गया है। भुगतान करने के बाद यूजर को संबंधित चॉइस सेंटर से पेमेंट की रसीद मिलेगी। इस पर चॉइस सेंटर संचालक अपने हस्ताक्षर व सील लगाकर करदाता को वापस देगा। करदाता संपत्ति कर भुगतान नकद कर सकता है, अथवा क्यूआर कोड का उपयोग कर सकता है। यूपीआई से भी टैक्स भुगतान की सुविधा दी गई है।

# नए साल के स्वागत की तैयारी, 90 से ज्यादा रेस्टोरेंट फार्म हाउस और क्लब संचालकों ने मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुराने साल को विदाई देने के साथ नए साल का स्वागत करने रेस्टोरेंट, क्लब तथा फार्म हाउस संचालकों ने पियक्कड़ों को शराब परोसने की अनुमति लेने आबकारी विभाग में आवेदन जमा किए हैं। आबकारी विभाग के पास अब तक शराब परोसने 90 से ज्यादा आवेदन जमा हुए हैं। सोमवार तक आवेदनों की संख्या सौ के पार होने की संभावना है।

- **पिछले वर्ष दो दिनों में रायपुर जिले में 15 करोड़ से ज्यादा के शराब गटक गए थे पियक्कड़**

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष दिसंबर के अंतिम दो दिनों में जिले में 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब बिकी थी। इस वर्ष शराब बिक्री का आंकड़ा 18 से 20 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद आबकारी अफसरों को है। शराब की खपत में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शराब की कीमत ज्यादा हैं। इस वजह से शराब से होने वाली आय की रकम 20 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।

### पिछले वर्ष से ज्यादा आवेदन

एक दिन शराब परोसने इस बार पिछले वर्ष से ज्यादा लोगों ने आबकारी विभाग में आवेदन पेश किए हैं। पिछले वर्ष शराब परोसने करीब 70 लोगों ने आवेदन दिए थे। शराब परोसने ज्यादा आवेदन की वजह लायसेंस लेने में सरलीकरण होना बताया जा रहा है। इस वजह से ज्यादा लोगों ने शराब परोसने लायसेंस के लिए आवेदन दिए हैं।



### रात 12 बजे के बाद शराब नहीं परोस सकेंगे

आबकारी तथा पुलिस विभाग ने होटल, बार, रेस्टोरेंट, क्लब तथा फार्म हाउस में पार्टी आयोजित करने वाले संचालकों को रात 12 बजे तक ही शराब परोसने की अनुमति दी है। रात 12 बजे के बाद शराब परोसे जाने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। 31 दिसंबर की रात पुलिस के साथ आबकारी विभाग की टीम बार, क्लब, होटल तथा अन्य जगहों की जांच करने निकलेगी।

### पुलिस के साथ क्राइम टीम भी

पुलिस अफसर के अनुसार, इस बार होटल, क्लब तथा बार की निगरानी करने अलग टीम बनाई गई है। निगरानी करने वाली टीम सादी वर्दी में होटल, बार तथा क्लब की निगरानी करेंगे। नए साल में शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस अफसर ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। होटल, क्लब तथा बार के आसपास महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में तैनात की जाएंगी।

### ड्रंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक, शहर के ऐसे 20 स्थान, जहां से सर्वाधिक मात्रा में लोग शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाते हैं, उन जगहों को चिन्हांकित किया गया है। पुलिस की टीम ब्रिथ एनालाइजर लेकर वाहन चालकों की जांच करेगी। तय मात्रा से ज्यादा सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस अफसर ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# दो डेंजर जोन का ट्रामा दो साल बाद भी अधूरा, एक्सीडेंट के मरीज आंबेडकर अस्पताल के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक्सीडेंट के मामले में डेंजर जोन माने जाने वाले धरसींवा और अभनपुर क्षेत्र के हेल्थ सेंटरों में मिनी ट्रामा सेंटर बनाने का काम दो साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। इन इलाकों में एक्सीडेंट होने पर घायलों को लंबी दूरी तय कर आंबेडकर अस्पताल ही लाना पड़ रहा है। ट्रामा के लिए भवन निर्माण से लेकर उपकरणों की व्यवस्था के लिए उसी दौरान फंड जारी किया गया था, मगर काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। सड़क दुर्घटना में घायल को त्वरित उपचार की सुविधा देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर स्वास्थ्य केंद्रों में आपात चिकित्सा व्यवस्था को विकसित करने की योजना बनाई गई थी। रायपुर जिले में धरसींवा और अभनपुर को संवेदनशील मानते हुए वहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चयन इसके लिए किया गया था। योजना की स्वीकृति के दो साल बाद भी इन इलाकों और आसपास होने वाले एक्सीडेंट के मरीजों को उपचार के लिए सीधे राजधानी के आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। लंबा सफर पूरा होने के दौरान जनहानि भी हो रही है। दोनों स्थानों पर मिनी ट्रामा के लिए राशि का आवंटन हुआ और निर्माण कार्य शुरू हुआ जो दो साल बाद भी अधूरा है। दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में मिनी ट्रामा के नाम पर भवन का ढांचा ही खड़ा हो पाया है। निर्माण पूरा होने, फिर आवश्यक उपकरण जुटाने तथा विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने में लंबा समय लगने की संभावना है।

- **धरसींवा और अभनपुर सीएचसी में बनाया जाना था ट्रामा, भवन का केवल ढांचा खड़ा हुआ**

*अति गंभीर ही किए जाने थे रेफर :* दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में मिनी ट्रामा सेंटर बनाए जाने के बाद वहां आने वाले मरीजों को आवश्यक जांच के साथ उपचार की सुविधा दी जाती। जांच के दौरान अगर किसी मरीज की हालत अति गंभीर होती, तो उसे राजधानी के अस्पतालों में रेफर किया जाता। मिनी ट्रामा तैयार नहीं होने की वजह से एक्सीडेंट के बाद घायल होने वाले सभी मरीजों को आंबेडकर अस्पताल रेफर किया जाता है।

# आटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य, ट्रेनें आज रहेंगी रद्द

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर–दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और अन्य अपग्रेडेशन कार्य 29 दिसंबर तक चलेगा। जिसकी वजह से कई ट्रेनें रद्द कर दी गई है। गाड़ी संख्या 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर से 29 दिसम्बर को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से, गाड़ी संख्या 08703 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर से, गाड़ी संख्या 08704 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से, गाड़ी संख्या 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल, गाड़ी संख्या 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल और गाड़ी संख्या 08710 डोंगरगढ़-रायपुर पैसेंजर 29 दिसंबर को रद्द रहेगी।) गाड़ी संख्या 08816 अंतागढ़-रायपुर डेमू पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर को दुर्ग में समाप्त कर दी जाएगी यह गाड़ी दुर्ग- रायपुर के मध्य रद्द रहेगी । गाड़ी संख्या 08815 रायपुर-अंतागढ़ डेमू पैसेंजर 29 दिसंबर को दुर्ग से रवाना की जाएगी यह गाड़ी रायपुर-दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08527 रायपुर-विशाखापट्नम पैसेंजर 29 दिसंबर को महासमुंद से रवाना होगी।

## पेज 09 के शेष ...

### अंग्रेजी-गणित से...

परीक्षा फॉर्म भरवाए जा चुके हैं। भरे गए परीक्षा फॉर्म के मुताबिक, राजधानी के शीर्ष महाविद्यालयों में अध्ययनरत कला संकाय के 90 फीसदी छात्रों ने बिजनेस लॉ, बिजनेस मैनेजमेंट और प्रिंसिपल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट का चुनाव किया है। शीर्ष महाविद्यालयों के लिए किसी भी विद्यार्थी द्वारा गणित का चुनाव नहीं किया गया है। इसी तरह से विज्ञान के हार्डकोर सब्जेक्ट भी कला संकाय के छात्रों ने नहीं चुने हैं।

### जमकर हंगामा...

कर्मचारियों के साथ मलबा हटाने में जुटी थी। सिलतरा पुलिस चौकी प्रभारी ने कहा, हादसा किस कारण से हुआ या जांच का विषय है। दो लोगों की मौत हुई है।

### शास्त्री चौक-नो एंट्री...

गया। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक, शास्त्री चौक में ऑटो तथा ई-रिक्शा के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाने चालकों को समझाइश दी जाएगी। समझाइश के बाद भी अगर वाहन चालक शास्त्री चौक में ई-रिक्शा तथा ऑटो ले जाने की कोशिश करेंगे तो उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। एक-दो दिन समझाइश दी जाएगी, उसके बाद नियमों की अनदेखी करने वाले ई-रिक्शा तथा ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रविवार को अवकाश होने की वजह से शास्त्री चौक पर ट्रैफिक का दबाव कम था। इस वजह से ई-रिक्शा तथा ऑटो चालकों को शास्त्री चौक में आने से रोकने ट्रैफिक पुलिस को कोई विशेष मेहनत नहीं करनी पड़ी।

### अंतिम संस्कार में बिहार...

दरवाजे में लगे ताले को चोर ने कुंडी सहित उखाड़ दिया है। इसके अलावा घर के जिन कमरों में आशीष ने ताला लगाया था। उन सभी कमरों की चोरों ने कुंडी उखाड़ दी थी, चोर आलमारी में रखे सोने तथा चांदी के जेवर सहित नकदी ले गए। घर में जमी धूल की परत को देखते हुए पुलिस को आशंका है कि आशीष के बिहार जाने के दूसरे-तीसरे दिन ही चोरों ने चोरी की है।

# टिकरापारा विवाद, दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लेनदेन के विवाद को लेकर तीन दिन से आपस में लड़ रहे दो पक्षों के खिलाफ टिकरापारा पुलिस ने दो महिलाओं समेत आठ लोगों को हत्या की कोशिश, बलवा, तोड़फोड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। यहां के रहवासियों ने शनिवार को पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर चक्काजाम कर दिया था।

- **हत्या की कोशिश, बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज**

लेनदेन के विवाद पर एक-दूसरे के साथ मारपीट, जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने मोहसीन खान, अभिषेक रावलानी, आसिफ मेमन, अब्दुल दानिश, सोहेल शेख, जिबरान सैफ, सलमा खान तथा श्रेया वैष्णव को गिरफ्तार किया है। लेनदेन के विवाद में 26 दिसंबर को फाल्स सिलिंग कारोबारी मोहम्मद अली की दुकान में जिबरान, आमिर एवं मोहम्मद अली, अहमद हफसैन, फिदा हुसैन ने आपस में वाद-विवाद करते हुए आपस में मारपीट की थी।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दूसरे दिन थाने में शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज कराने के दूसरे दिन 28 दिसंबर को दोनों पक्ष आपस में फिर भिड़ गए और एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। एक पक्ष ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने पहुंचकर घेराव कर दिया था।

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

### प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ

**रायपुर/ भिलाई।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ किया गया है। जिसमें बीएलसी (मोर जमीन-मोर मकान) योजना के तहत शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार प्राप्त आवेदनों का आनलाईन एन्ट्री प्रधानमंत्री आवास योजना के वेब यनिफाइड पोर्टल में किया जाना है। आनलाईन एन्ट्री में आवेदक के मोबाइल में ओटीपी आता है। आनलाईन एन्ट्री की प्रक्रिया निगम कार्यालय-अनुबंधित वास्तुविद के माध्यम से किया जा रहा है। आवेदक के मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी आनलाईन एन्ट्री करने वाले निगम के कर्मचारी को ही देवे। जो आपके घर में आकर फार्म भरवारा है आप उसको जानते हैं उसी को देना है। किसी अन्य बाहरी व्यक्ति को ना देवें।

### क्रियान्वयन समिति की बैठक आज

**रायपुर।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में गठित रायपुर शहर स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक 30 दिसंबर को रायपुर नगर निगम मुख्यालय में बुलाई गई है। बैठक दोपहर 12 बजे से होगी। बैठक में रायपुर, बीरगांव नगर निगम आयुक्त, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-यातायात, खाद्य नियंत्रक रायपुर, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन, कार्यपालन अभियंता 15वें वित्त आयोग, कार्यपालन अभियंता उद्यान व नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विस्तृत चर्चा होगी एवं भावी रणनीति तैयार होगी।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### माता-बहनों को निडर बनाने के लिए आत्मरक्षा शिविर का समापन

**रायपुर।** मातृ शक्ति, माताओं-बहनों को निडर और सशक्त बनाने के लिए आयोजित सात दिवसीय निशुल्क आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया। यह शिविर देवेंद्र नगर स्थित गरबा ग्राउंड में लगाया गया था। इस अवसर पर साधु-संतों ने आशीर्वाद की वर्षा की। इस कार्यक्रम को संत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद, किन्नर अखाड़ा साध्वी सौम्या, उपाध्याय निराहार, वेद प्रकाश महाराज, आयोजक विजय क्षत्री द्वारा अपने पिता स्व. लालचंद क्षत्री की स्मृति में आयोजित किया है। सहयोगी टीम झूलेलाल नवयुवक संघ है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके द्वारा देखा सपना सच हुआ और प्रथम शिविर सफल हुआ था, उसके बाद द्वितीय शिविर आयोजित किया गया है। हम सभी 24 घंटे अपनी माता, बहन-मातृशक्ति के साथ नहीं रहते, इसके लिए हमें हमारे परिवार की हर मातृशक्ति को निडर, सक्षम, बनाने के लिए शिविर के आयोजन किए जाते हैं और सनातन धर्म संस्कृति से भी आज की युवा पीढ़ी अवगत हो, ये भी प्रयास रहता है। उन्होंने बताया कि विशेष सहयोगी विजय क्षत्री, विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल, चैंबर ऑफ कॉमर्स, युवा छग सिंधी पंचायत, झूलेलाल नवयुवक संघ, सनातनी हिंदू सिंधु युवा आदि हैं।

### स्ट्रीट वेंडर्स की समस्याओं को लेकर पदयात्रा आज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के स्ट्रीट वेंडर्स की समस्याओं से अवगत कराने स्ट्रीट वेंडर्स कानून-2014 के तहत समाधान के लिए आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने से 30 दिसंबर को दोपहर 12 बजे नगर निगम मुख्यालय तक पदयात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। इस दौरान एक प्रतिनिधि दल आयुक्त से चर्चा भी करेगा, ताकि राजधानी के स्ट्रीट वेंडर्स को पथ विक्रेता कानून- 2014 के तहत दिए गए अधिकार एवं व्यवस्था स्ट्रीट वेंडर्स तथा नगरहित में सुनिश्चित हो सके। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व वित्त आयोग अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, राष्ट्रीय सचिव शक्तिमान घोष, राष्ट्रीय हॉकर्स फेडरेशन एवं गौतम बंद्योपाध्याय उपस्थित रहेंगे।

### उपन्यास 'मोड़ के बाद' का विमोचन हुआ

**रायपुर।** वृंदावन हॉल सिविल लाईन रायपुर में पूर्व एडी. कलेक्टर निर्मल तिग्गा द्वारा लिखित पुस्तक मोड़ के बाद का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गनपत राव एवं अध्यक्षता विजय एक्का ने की, विशिष्ट अतिथि पूर्व राजस्व सचिव अनूप श्रीवास्तव तथा पूर्व डीआईजी किशोर अग्रवाल थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के बीस जिलो से साहित्य में रूचि रखने वाले प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पुस्तक की विस्तृत विवेचना साहित्यकार के.पी. सक्सेना ने की, उन्होंने कहा कि पुस्तक इतनी रोचक है कि कोई इसे पढ़ना प्रारंभ करता है तो वह व्यक्ति अंत तक पुस्तक को पढ़ने के लिये विवश सा हो जाता है। इस अवसर पर भूलनकांदा फिल्म के लेखक–डायरेक्टर, साहित्यकार संजीव बक्शी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि पुस्तक मोड़ के बाद आदिवासी संस्कृति की एक मार्मिक और स्नेहित गाथा है। पुस्तक के लेखक निर्मल तिग्गा ने कहा कि इस उपन्यास में आदिवासी अंचल के एक व्यक्ति की यथार्थ घटना है, जिसे काल्पनिक नाम देकर उकेरने का प्रयास किया है। किशोर अग्रवाल ने कहा कि यह उपन्यास अत्यंत रोचक है, आदिवासी अंचल की रीतियो, भारतीय संस्कृति और वेदो की उक्तियो से ओत–प्रोत है और यथार्थ घटना को उपन्यास का रूप देने का कल्पनातीत एवं अनुपम कार्य किया गया है।

# पीएससी का इंग्लिश प्रेम..! मात्र 13 विषय के प्राध्यापकों को बुलाया सत्यापन के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

विवादों से जूझ रहा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग अपनी गलतियां बार-बार दोहरा रहा है। इससे प्राध्यापक पद के दावेदार हलाकान हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी।

इन पदों के दावेदारों का दस्तावेज सत्यापन पीएससी द्वारा करते हुए आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी, लेकिन पीएससी को इंग्लिश सहित कुछ विषयों से ऐसा प्रेम हुआ कि इनके अतिरिक्त अन्य विषयों के उम्मीदवारों को बुलाना तो दूर अधिसूचना जारी करना भी राज्य लोक सेवा आयोग भूल बैठा। दस्तावेज सत्यापन की यह प्रक्रिया पहले से ही विवादों में रही है। पीएससी ने सर्वप्रथम 2 से 16 दिसंबर तक सभी 30 विषयों के उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया था। विशेषज्ञ ना होने के कारण प्रथम दिवस चार घंटे में एक भी उम्मीदवार के दस्तावेज जांचे नहीं जा सके थे। इसके बाद पीएससी ने इसे रद्द कर दिया था। पुनः अधिसूचना जारी करते हुए पीएससी ने 13 विषयों के 255 उम्मीदवारों को 10 से 17 दिसंबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया। इन 13 विषयों के अलावा शेष विषयों के उम्मीदवार अब भी बुलावा मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों पर होनी है भर्ती**




- मात्र 13 विषयों में ही दस्तावेज सत्यापन, शेष के लिए अधिसूचना भी नहीं
- हिंदी-वेद वाले अभ्यर्थी ताक रहे राह, लोक सेवा आयोग ने भुलाया

#### नहीं मिल रहे हैं विशेषज्ञ

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पीएससी को प्राध्यापक पद के उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज का सत्यापन करने विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। प्राध्यापक पद के लिए रिसर्च वर्क सहित अन्य अकादमिक कार्यों की गणना होती है। रिसर्च प्रकाशन सहित अन्य कार्यों के स्तर के अनुसार उनके लिए अंक निर्धारित होते हैं। इन अंकों का निर्धारण करने के लिए पीएससी को विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। पूर्व में भी पीएससी को एक्सपर्ट नहीं मिलने के कारण ही दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी थी। बाद में पीएससी ने प्रक्रिया बदलते हुए ऑनस्पॉट सत्यापन करने के स्थान पर अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में जानकारी देने कहा था।

#### इन विषयों का सत्यापन पूर्ण

अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, लोक प्रशासन, प्राचीन भारतीय इतिहास, बायोटेक्नोलॉजी, सैन्य विज्ञान, ज्योतिष, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, इतिहास, संस्कृत, विधि एवं गृह विज्ञान।

#### इन विषयों के उम्मीदवार कर रहे इंतजार

हिंदी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, भूगर्भशास्त्र, वाणिज्य शास्त्र, मनोविज्ञान, वेद और सूचना प्रौद्योगिकी।

### दिसंबर में नान ट्रेड 40 और खुले बाजार का सीमेंट 20 रुपए पहले ही कर चुके हैं महंगा

# नए साल में नॉन ट्रेड और खुले बाजार का सीमेंट 15-15 रुपए और होगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नए साल में प्रदेश की सीमेंट कंपनियां नान ट्रेड और खुले बाजार का सीमेंट 15-15 रुपए और महंगा करने वाली हैं। ऐसे में नान ट्रेड सीमेंट 55 रुपए और खुले बाजार का सीमेंट 35 रुपए महंगा हो जाएगा। दरअसल छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। जब मर्जी होती है, सीमेंट की कीमत बढ़ा देती हैं, जब मर्जी होती है, कीमत कम कर देती हैं।

प्रदेश सरकार ने दाम बढ़ाने से पहले कारण बताते हुए मंजूरी लेने के भी निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी कंपनियां सरकार की इजाजत लिए बिना ही दाम बढ़ा दे रही हैं और फिर कम भी कर दे रही हैं। बीते चार माह से यही सब चल रहा है। अब तो सप्लाई भी कम कर दी गई है। बाहर के राज्यों में भरपूर सीमेंट भेजा जा रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ में जितने की जरूरत है, नहीं दिया जा रहा है।

बीते माह नवंबर में भी एक बार दाम बढ़ाए गए। हरिभूमि में खबर का प्रकाशित होने के बाद सरकार के एक्शन के डर से दाम कम किए गए। अब फिर से खुले बाजार के सीमेंट के दाम जहां 20 रुपए बढ़ाए गए हैं, वहीं सरकारी काम में आने वाले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 40 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। अब फिर से दाम बढ़ाने की तैयारी है। ऐसे में खुले बाजार का सीमेंट जहां थोक में 305 से 320 रुपए हो जाएगा, वहीं यह चिल्हर में 330 से 350 रुपए में बिकेगा।



#### दाम पर कोई अंकुश नहीं

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर प्रदेश सरकार का अंकुश नहीं है। यही वजह है कि कंपनियों की जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी।

#### चिल्हर में दाम हो जाएंगे साढ़े तीन सौ

सीमेंट कंपनियों ने इस माह खुले बाजार के सीमेंट के दाम 20 रुपए बढ़ाए। अगले माह दाम फिर से 15 रुपए बढ़ने पर बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले इस समय अलग-अलग कंपनियों का सीमेंट थोक में 60 बोरी लेने पर 295 से 320 रुपए हो जाएगा। इसमें तीन रुपए प्रति बोरी अनलोडिंग का शुल्क अलग है। इसी के साथ एक टन का भाड़ा भी दो सौ रुपए लिया जाता है। अगर कोई ग्राहक चिल्हर में दो से पांच बोरी सीमेंट लेगा तो उसके घर की दूरी के हिसाब से कीमत 330 से 350 रुपए तक हो जाएगी।

#### दाम कम ज्यादा करने का खेल

सीमेंट कंपनियों ने नवंबर में प्रदेश सरकार से पूछे बिना ही माह से तीसरे सप्ताह में दाम 5 से 15 रुपए तक बढ़ा दिए। इसके बाद जब हरिभूमि में खबर प्रकाशित हुई तो सीमेंट कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मच गया कि प्रदेश सरकार उन पर एक्शन ले सकती है। ऐसे में कंपनियों ने धीरे-धीरे कर अंततः बढ़े हुए 15 रुपए दाम वापस ले लिए। इसी के साथ कंपनियों ने पहले के बढ़े हुए 50 रुपए के दाम में से जो पांच रुपए बचे थे, उसे भी वापस ले लिया। इसी के साथ नॉन ट्रेड में भी पांच से दस रुपए दाम कम किए गए। इसके बाद दिसंबर में फिर से दाम बढ़ाए गए और अब नए साल में फिर से दाम बढ़ाने की तैयारी है।

# कैट ने की क्विक कॉमर्स कंपनियों पर निगरानी लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट के पदाधिकारियों ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र भेजकर क्विक कॉमर्स कंपनियों पर निगरानी लागू करने की मांग की है। साथ ही इन कंपनियों पर विदेशी निवेश के जरिए प्राप्त धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने बताया, कैट ने रविवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री को एक पत्र भेजकर उनका ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।

कैट ने कुछ दिन पहले इस मुद्दे पर एक श्वेतपत्र भी जारी किया था, जिसकी एक प्रति श्री गोयल को भी भेजी है। कैट इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी एक पत्र के साथ श्वेतपत्र भेज रहा है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि व्यापारिक हित के इस मुद्दे को लेकर शीघ्र ही वे व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल लेकर श्री गोयल से मिलेंगे। इस मुद्दे सहित अन्य ज्वलंत व्यापारिक विषयों को लेकर कैट 6 और 7 जनवरी को दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सेमिनार आयोजित कर रहा है।

- नियम-कानून के उल्लंघन पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से हस्तक्षेप का आग्रह

#### डॉर्क स्टोर से सामान सप्लाई गलत

श्री पारवानी ने बताया कि क्विक कॉमर्स कंपनियों ने एफडीआई के जरिए 54 हजार करोड़ रुपए से अधिक धनराशि प्राप्त की है, जबकि इस निवेश का उपयोग न तो बुनियादी ढांचा निर्माण में किया, न ही दीर्घकालिक परिसंपत्तियों में। इस एफडीआई का उपयोग व्यापार करने में हो रहे घाटे को कवर करने, सप्लाई चेन पर नियंत्रण रखने और कुछ अपने चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से डीप डिस्काउंट दिए जाने के लिए किया गया है, जो कि बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों ने सैकड़ों की तादाद में देश में विभिन्न स्थानों पर अपने डार्क स्टोर बनाए हैं, जिनके जरिए ये सामान की सप्लाई करती हैं, जबकि नियमों के अनुसार ये कंपनियां किसी भी रूप में कोई स्टोर नहीं बना सकतीं।

# फरवरी में नगरीय निकाय चुनाव की संभावना, मतदाता सूची का प्रकाशन 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी होने के बाद चुनाव के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को होगा, इसके बाद ही राज्य में आचार संहिता लगेगी। ऐसे में अब संभावना जताई जा रही है कि फरवरी महीने में नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं।

15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा, जिस कारण यह तय है कि प्रदेश के ऐसे निकाय, जहां चुनाव होना है, वहां प्रशासक का बैठना तय है। वहीं फरवरी महीने में अगर पंचायत चुनाव नहीं होते हैं तो प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए नए सिरे से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को भी वोट डालने का मौका मिलेगा, जिनका पुरानी मतदाता सूची में नाम छूट गया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। नए शेड्यूल के अनुसार, नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा।




- 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाता जुड़ेंगे सूची में

#### नगरीय निकायों में थे 43.90 लाख मतदाता

पूर्व में राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए 10 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया था। अंतिम प्रकाशन में नगरीय सभी जिलों के नगरीय निकायों में 43 लाख 90 हजार से अधिक मतदाता थे। अब नए सिरे से पुनरीक्षण के बाद इसमें वृद्धि होने के अनुमान हैं। बताया जाता है कि पंचायत चुनाव के लिए पूर्व में 1.45 करोड़ मतदाता होने की जानकारी सामने आई थी, पुनरीक्षण के बाद इसमें और वृद्धि होने की संभावना है।

#### प्रशासक का बैठना तय

नगरीय निकायों में प्रथम सम्मेलन की तिथि 5 जनवरी से शुरू हो रही है। इस अवधि के पहले निर्वाचन आयोग को चुनाव कराना होता है, इस बार 15 जनवरी तक चुनाव नहीं होंगे। ऐसे में प्रदेश के वे निकाय, जहां चुनाव होने हैं, वहां प्रशासक बैठाना होगा। इसी प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में प्रथम सम्मेलन की तिथि फरवरी के दूसरे सप्ताह में है, इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वहां भी प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। चुनाव होने से नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत के विकास में जनप्रतिनिधियों की कोई भूमिका नहीं होगी।

### नहीं मिल रहीं 'सिंगल गर्ल चाइल्ड', बढ़ाई गई आवेदन तिथि

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप के लिए पंजीकरण करने की आखिरी तिथि को बढ़ा दिया है। इस संबंध में आधिकारिक वेबसाइट पर एक नोटिस भी जारी किया गया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों को इस स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना है वे सभी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। यह स्कॉलरशिप उन सभी अविवाहित छात्राओं को दी जाएगी, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 70 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं और जो सीबीएसई से संबद्ध स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई कर रही हैं, जिनकी ट्यूशन फीस शैक्षणिक वर्ष के दौरान 2500 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं है। कक्षा 11 और 12 में ट्यूशन फीस 3000 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# नरैया तालाब में टॉय ट्रेन और बटरफ्लाई पार्क के लिए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा के नरैया तालाब के चारों ओर टॉय ट्रेन की सवारी करने अभी थोड़ा इंतजार और करना होगा। संगीत के साथ जुम्बा और उछलकूद करने यहां जंपिंग जोन बनेगा। नगर निगम जोन-6 ने रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई है। टेंडर खुलने के बाद एजेंसी तय की जाएगी। प्रोजेक्ट के तहत रंगीन तितलियों को आकर्षित करने नरैया तालाब किनारे बटरफ्लाई पार्क भी बनाया जाएगा।

राजधानीवासियों के लिए तेलीबांधा के मरीन ड्राइव की तर्ज पर शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित नरैया तालाब अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए 1 करोड़ खर्च कर योग के लिए पक्का शेड, बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन तालाब के चारों किनारों की सैर कराने चलाई जाएगी।

इसी तरह मल्टी-एक्टिविटी के तहत संगीत के साथ जुम्बा डांस, उछलकूद करने जंपिंग जोन एरिया बनाया जाएगा। शहरवासियों को आकर्षित करने रंगीन तितलियों को लुभाने वाले पौधे लगाकर बटरफ्लाई पार्क बनाया जाएगा, इसमें मेंटेनेंस की शर्त अनुबंध में शामिल रहेगी।

- तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर मल्टी-एक्टीविटी शुरू करने तय होगी एजेंसी
- जोन 6 ने किया ऑनलाइन टेंडर



फाइल फोटो

#### किया है टेंडर

नरैया तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने मल्टी-एक्टीविटी शुरू की जाएगी। इसके लिए जोन से ऑनलाइन टेंडर किया गया है। जल्द ही एजेंसी तय की जाएगी।

- **रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन-6

# संस्था की पहल, सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए मवेशियों और कुत्तों को पहनाया रिफ्लेक्टिव कॉलर

**रतन टाटा की जयंती पर रिफ्लेक्टिव कॉलर ड्राइव का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर


स्ट्रे कीपर्स-एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन ने कई स्थानीय एनिमल एक्टिविस्ट के साथ मिलकर प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी दिवंगत रतन टाटा की जयंती के उपलक्ष्य में एक सफल रिफ्लेक्टिव कॉलर (रेडियम) ड्राइव का आयोजन किया।

इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था, जिसमें आवारा मवेशियों और कुत्तों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाकर रात के समय वाहनों के लिए उनकी दृश्यता सुनिश्चित की गई। डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा का कहना है कि आंकड़ों को देखें तो भारत में हर मिनट एक मौत एक्सिडेंट से होती है, यह रेडियम का पट्टा अंधेरे में गाड़ी की लाइट पड़ते ही चमकने लगेगा, गाड़ी चलने वाले को मवेशी दिखेंगे और एक्सिडेंट से रोका जा सकेगा। इस अभियान के तहत 300 कुत्तों और 300 गायों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाए गए।

टाटीबंध, रिंगरोड 3 बिलासपुर हाइवे, न्यू रायपुर, सेजबहार धमतरी रोड और आरंग हाईवे समेत कई स्थानों पर जाकर जानवरों को खुद कॉलर पहनाए। डायरेक्टर डॉ. अवंतिका ने भी इस ड्राइव में भाग लिया और आसपास के लोगों को इसकी अहमियत समझाई, उन्हें बताया कि इस पहल से इंसान और जानवर दोनों की जान बचाई जा सकती है।

#### कुत्तों को ठंड से बचाने के लिए बोरा बेड बांटे

ठंड से कुत्तों को बचाने के लिए बोरा बेड और ड्रम बेड निशुल्क वितरित किए गए, जो विशेष रूप से पिल्लों के लिए उपयोगी साबित हुए। इस वितरण को स्वयंसेवकों का भारी समर्थन मिला, जिन्होंने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। डॉ. मोनिका का कहना है कि रोड पर जानवरों की बहुत दयनीय स्थिति रहती है, वे भूखे-प्यासे गर्मी, बारिश, ठंड में भटकते हैं। हम सभी को मिलकर उनका ध्यान रखना चाहिए, यह हमारी जिम्मेदारी है। यह आयोजन रायपुर में सभी एनिमल एक्टिविस्ट के सामूहिक प्रयासों को उजागर करता है, जो आवारा जानवरों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और समुदाय से ऐसी नेक पहल को समर्थन देने की अपील की।








02 बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने कमजोर ...

## लाइव इवेंट

### फोटोग्राफी में छात्रों ने दिखाई क्रिएटिविटी वन्यजीव व पर्यटन की तस्वीरों ने मोहा मन



**रायपुर।** एएएफटी यूनिवर्सिटी ऑफ मीडिया एंड आर्ट्स और नंदनवन जंगल सफारी के संयुक्त प्रयास से अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, रायपुर में फोटोफेस्ट का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में एएएफटी यूनिवर्सिटी के फोटोग्राफी छात्रों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का अनूठा प्रदर्शन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत फोटोग्राफ समाज के विभिन्न आयामों को दर्शाते हुए फोटोग्राफी के माध्यम से नवाचार और कल्पनाशीलता की झलक पेश की। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही नंदनवन जंगल सफारी पर आधारित वन्यजीव फोटोग्राफी। छात्रों ने जैव विविधता संरक्षण के उद्देश्य को बढ़ावा देते हुए जंगल सफारी में खींची गई अपनी उत्कृष्ट फोटोग्राफ प्रस्तुत कीं। यह प्रदर्शनी न केवल फोटोग्राफी के माध्यम से कला का प्रदर्शन करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के महत्व को भी रेखांकित करती है। नंदनवन जंगल सफारी के संचालक ने छात्रों को वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

#### 50 ईको-टूरिज्म गांवों में चुना गया धुडमारास

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और नंदनवन जंगल सफारी के संचालक व डीएफओ धम्मशील गणवीर ने छात्रों के साथ संवाद किया और उनकी रचनात्मकता और नवाचार के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने छात्रों को छत्तीसगढ़ में पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण के व्यापक अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। श्री गणवीर ने धुडमारास गांव का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे इस गांव ने स्थानीय समुदाय के सहयोग से पर्यटन की पहल शुरू की और आज इसे विश्व पर्यटन संस्थान द्वारा दुनिया के शीर्ष 50 ईको-टूरिज्म गांवों में चुना गया है। इस गांव को भारत के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर एएएफटी यूनिवर्सिटी की निदेशक डॉ. शिखा वर्मा कश्यप ने छात्रों को प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया।

## सिटी इवेंट

### युवाओं को संस्कार देने में माताएं निभाएं जिम्मेदारी, महारास में थिरके पांव



**रायपुर।** देवेन्द्र नगर स्थित सरदार पटेल ग्राउंड में श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज अपनी स्थापना का स्वर्णिम 50 वर्ष पूरा करने पर आयोजन कर रहा है। तीसरे एवं अंतिम दिन की शुरुआत सुबह साढ़े 8 बजे धार्मिक सत्र से किया गया। इसमें संतों ने कहा कि समाज बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ाने और संस्कार देने की जिम्मेदारी निभाएं, तो जीवन खुशहाल होगा। वक्ताओं में हरिद्वार के संत श्री रमा माताजी, बड़वाह की संत श्री भारती दीदी, वाढांय के संत श्री मोहनदास महंत ने समाज को आशीष दिया। बोटाद से आए मुख्य वक्ताः श्री आत्मानंद सरस्वती ने भी समाज को संबोधित किया। अंत में संत भारती दीदी ने सभी को प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने के साथ आध्यात्मिक लाभ लेने प्रेरित किया।

#### युवाओं को किया जागरूक

संतों ने माताओं को अपनी शक्ति पहचानते हुए देश व समाज के प्रति उनके दायित्व को भी समझाया। युवाओं को राष्ट्र निर्माण, हिन्दू धर्म एवं सांस्कृति के प्रति जागरूक किया। सभी दान दाताओं एवं समिति के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। अध्यक्ष भरत भाई पटेल, खिमजी भाई पटेल, वालजी भाई पटेल, मगन भाई पटेल, करमसी भाई पटेल ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। युवा मंडल अध्यक्ष गिरीश पटेल, हितेश पटेल, भरत प्रवीण, अनिल,रसिक पटेल एवं विजय ने व्यवस्था की कमान संभाली।



#### विराली दोशी संग गरबा की धूम

रात में अहमदाबाद की मशहूर गरबा सिंगर विराली दोशी ने समाज के लोगों को महारास गरबा व डांडिया खेलने के लिए बेहतर माहौल दिया। इसमें शामिल होने के लिए गुजराती समाज के लोग पारंपरिक परिवेश में पहुंचे। रात 8 से 11 बजे के बीच समाज के युवाओं ने आराध्य देवी को प्रसन्न करने के लिए महारास में हिस्सा लिया। युवाओं ने नाचते- झूमते हुए इस गरबा नाइट का लुत्फ उठाया। इससे स्वर्णिम महोत्सव में उत्साह का माहौल रहा। पारिवारिक माहौल में सजाए गए महारास में हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया।

### राजधानी में इस बार भी न्यू ईयर की रात मचेगी धूम, पार्क और फार्म हाउस में होंगे आयोजन

# बैंड-डीजे से रंगीन होगी 31 की सेलिब्रेशन नाइट रेस्टोरेंट व होटलों में आतिशबाजी से स्वागत

**रायपुर।** शहर के वीआईपी रोड, काठाडीह और आमानाका इलाके में फार्म हाउसों में बुकिंग का दौर शुरू हो गया है। इसमें कई फार्म हाउस ऐसे हैं, जहां लोग न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए फैमिली के साथ भी जाने वाले हैं। बढ़ते क्रेज को देखते हुए कई फार्म हाउसों में पैकेज की सुविधा दी जा रही हैं। इसे देखते हुए लोग अभी से फार्म हाउसों का रूख करने लगे हैं। जहां उन्हें साल 2025 का स्वागत करने के लिए गीत-संगीत के साथ रॉक बैंड पर थिरकने का भी अवसर मिलने वाला है। नौकरीपेशा के साथ व्यापारी वर्ग भी इस बार नववर्ष को यादगार बनाने की तैयारी में है। इसके लिए आयोजक भी शानदार तैयारी कर रहे हैं।

> लाइव बैंड और डीजे से इस बार भी नववर्ष का स्वागत करने बड़े होटलों, फार्म हाउसों में तैयारी है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन नाइट को खास बनाने के लिए इंदौर व स्थानीय कलाकारों के ग्रुप लोगों के बीच होंगे। इसके लिए स्पेशल पैकेज भी दिए जा रहे हैं। लाइव कंसर्ट का हिस्सा बनने के लिए युवा और कपल्स स्लॉट भी बुक करवा रहे हैं। जहां पैकेज के लिहाज से उन्हें सुविधा मिलेगी।





#### मैनपाट और कुरदर घाटी पर्यटकों से रहेगा गुलजार

नए साल पर प्रदेश का मैनपाट और कुरदर घाटी का रिसोर्ट पर्यटकों से गुलजार रहेगा। नए साल को लेकर युवाओं की पहली पसंद इसे बताई जा रही है। विभाग के मुताबिक सभी रिसोर्ट नए साल को लेकर बुक हो चुके हैं। बारनवापारा का रिसोर्ट फुल होने से कई लोगों ने सिरपुर में भी इस बार रिसोर्ट बुक कराया है। बस्तर और जशपुर के रिसोर्ट भी 30 दिसंबर से 1 जनवरी तब बुक हो चुके हैं। नए साल के लिए लोगों ने ठंडी जगह को चुना है। रिसोर्ट बुक होने के बाद अब जश्न मनाने के लिए पर्यटक विभाग के टैंट भी बुक करवा रहे हैं, ताकि रात में रिसोर्ट में सुरक्षित रह सकें। इसके अलावा जंगलों व पहाड़ी क्षेत्रों में बने प्राइवेट रिसोर्ट में भी बुकिंग अधिक है।

#### कोलकाता के सिंगर्स व बैंड

बेबीलॉन केपिटल में भी नववर्ष की धूम रहेगी। जीएम संजय राउतराय ने बताया कि न्यू ईयर में इस बार कोलकाता के सिंगर्स को बुला रहे हैं। इसमें कपल्स को सेलिब्रेट करने के लिए साढ़े सात हजार में एंट्री दी जाएगी। इसके अलावा जो कपल्स होटल में ही रहते हुए नववर्ष का स्वागत करना चाहते हैं, उनके लिए साढ़े 12 हजार का पैकेज है। इसके लिए जो लोग बुकिंग करवा रहे हैं, उन्हें बता रहे कि एक जनवरी को शाम 4 बजे तक सुविधा दी जाएगी।

#### बैंड व डीजे से सजेगी रात

होटल सायाजी में इस बार इंदौर का म्यूजिकल ग्रुप बैंड और डीजे से रात रंगीन होने वाला है। होटल के हरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सेलिब्रेशन के लिए नीचे रेस्टोरेंट और ऊपर होराइजन में तैयारी का दौर भी चल रहा है। दोनों ही जगह अलग-अलग म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा लाइव कंसर्ट होगा। इस बार भी कपल्स को प्रवेश देने के लिए एंट्री व खान-पान के लिहाज से रेट तय किए गए हैं। यहां कपल्स और सिंगल बुकिंग का सिलसिला तेज हो गया है।



#### बारनवापारा और कोंडागांव में एडवांस बुकिंग

*नए साल पर इस बार भी बारनवापारा और कोंडागांव, चित्रकूट और कुरदर क्षेत्र में सर्वाधिक पर्यटक पहुंचेंगे। यहां वन विभाग के कॉटेज की बुकिंग एडवांस में बुक हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के बॉर्डर में बने सरकारी रिसोर्ट में बुकिंग अधिक है। इसमें चिल्पी के रिसोर्ट में तीन दिनों के लिए बुक हो चुका है। यहां से कान्हा नेशनल पार्क भी बड़ी संख्या में लोग जाएंगे। इसके अलावा जगदलपुर का रिसोर्ट बुक है। यहां लोग रिसोर्ट में अपनों के बीच नए साल का जश्न मनाएंगे।*

#### रिसॉर्ट में भी तैयारी तेज

आरंग रोड NH-6 उमरिया स्थित मायरा रिसॉर्ट एंड कन्वेंशन सेंटर में 31 दिसंबर की रात पल्स वेव 2.0 पार्टी आयोजित की गई है। जिसमें लाइव बैंड, डीजे नाइट, अनलिमिटेड फूड, ड्रिंक परोसी जाएगी। इस पार्टी में कपल एंट्री 15 हजार रुपए से शुरू है। स्टैग एंट्री 10 हजार रुपए है।

#### डीजे संग अनलिमिटेड फूड

कलर्स मॉल लिविया बैंक्वेट में 31 नाइट पार्टी आयोजित की गई है। जिसमें डीजे फन एक्टिविटी के साथ अनलिमिटेड फूड परोसा जाएगा। 1000 रुपए से सिंगल एंट्री की शुरुआत ह। वहीं, फैमिली के लिए चार हजार रुपए ग्रुप एंट्री रखी गई है। कपल के लिए 2400 एंट्री चार्ज रखा गया है।

#### इंटरनेशनल आर्टिस्ट देंगे प्रस्तुति

ललित महल में इंटरनेशनल आर्टिस्ट सिलवर पांडा, सोल कनेवल, हिमायको और रूबल के बाद स्विम जैसे कलाकार सोमवार को आएंगे। जीएम अजय कर्ण ने बताया कि 31 को रफेल केनाले, रीयल एमाल, बोहरा और टोरी एंड हनी, आवेशा लाइव प्रोग्राम देंगे। क्लब के मैनेजर आफरीन ने बताया कि इस बार प्रति व्यक्ति 4 हजार रुपए में बुकिंग का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बार धूम मचाने के लिए क्लब में बैंड ग्रुप मौजूद रहेगा।

## नारी शक्ति पर नृत्य नाटिका का मंचन

**रायपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, इसमें जूनियर और सीनियर विंग के विद्यार्थी मौजूद रहे। समारोह में समाज की बुराइयों, पर्यावरण आपदा, स्वास्थ्य, लोगों की सेवा, मानवता एवं नारी शक्ति के थीम पर रंगरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर 'सह-अस्तित्व की सिम्फनी' और 'शक्ति एक शक्ति, एक आत्मा' नृत्य नाटिका आकर्षण का केंद्र बना रहा। जो एक निश्चित संदेश के साथ विद्यार्थियों ने मंच पर प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रघुनाथ मुखर्जी, वाइस चेयरमैन श्री बलदेव सिंह भाटिया, प्रबंधन समिति के सदस्य एस. के. मिश्रा, विजय शाह, पुखराज जैन शामिल रहे।



#### हार का सामना निडरता से करें

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पैरालंपिक विजेता रुबीना फ्रांसिस उपस्थित रही, जिन्होंने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा, जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को कभी ना कभी हार का भी सामना करना पड़ता है। इसलिए, हार से डरे बिना निडरता से अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए आगे बढ़ते रहें। इसमें महाकवि कालिदास, समर्पित भक्त, मीराबाई, स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, शहीद भगत सिंह, शिवराम राजगुरु जैसे व्यक्ति विशेष के कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राज्यों की संस्कृति एवं परंपराओं की भी प्रस्तुति नृत्य के माध्यम से दी गई। वहीं, भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की प्रस्तुति नन्ही छात्राओं द्वारा दी गई।

## गर्भ से बच्चे की देखभाल करना माता-पिता की जिम्मेदारी

**रायपुर।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ द्वारा गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण किया गया। रविवार को संस्था द्वारा महिला बाल विकास की परियोजना के अंतर्गत पुरानी बस्ती स्थित सरस्वती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 50 से अधिक शहरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी सोनाली शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष दीपाली शर्मा, उषा चौबे, नीला दधीच, पुर्णिमा शर्मा एवं संरक्षकगण शामिल हुए।



#### नियमित खानपान की दी जानकारी

सुबह से आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों द्वारा जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ्य शरीर की देखभाल एवं खानपान की जानकारी दी गई। साथ ही छोटे बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए उनके भोजन पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। सदस्यों ने कहा, बचपन में बच्चों को उचित पोषक आहार देने की आवश्यकता है। जिससे वह भविष्य में स्वस्थ्य रह सके। माता-पिता की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों के खानपान पर अधिक ध्यान दें। घर का अनाज, मौसमी फल एवं हरी सब्जियों से पोषण संभव है।

### टाइगर ऑफ टाइगर हिल के साथ द ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल का वार्षिकोत्सव का आयोजन

# कैप्टन योगेंद्र ने छात्रों को जोशीले अंदाज में सुनाई कारगिल युद्ध की कहानी, कहा- फौजी मरने नहीं, मारने के लिए बनते हैं

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** जीवन में अच्छा कार्य करोगे तो तुम्हें कुछ लोग आगे नहीं बढ़ने देंगे, पीछे खींचने की कोशिश करेंगे। लेकिनए उस समय आगे बढ़ते ही रहना है, खींचने की शक्तियां अपने आप कमजोर हो जाएंगी। आप में शक्ति, क्षमता, योग्यता है तो आप कोई भी कार्य कर सकते हैं। यह कहना है परमवीर चक्र से सम्मानित टाइगर ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव का। जिन्होंने द ग्रेट इंडिया सैनिक के वार्षिकोत्सव में 1999 के करगिल युद्ध की कहानी सुनकर सभी का जोश दोगुना कर दिया। उन्होंने कहा कि सामर्थ्य शक्ति का आकलन तब होता है, जब विपरीत परिस्थितियां आती हैं।

परिस्थितियों के साथ जुड़ना चाहिए। फौजी हर परिस्थिति में लड़ पाता है, वह उसे अनुकूल समझता है। परिस्थिति यदि प्रतिकूल है तब भी वह लड़ेगा, क्योंकि उसने देश के सुरक्षा की कसम खायी है। वहीं, लोगों की मानसिकता को बदलने के लिए कहा कि फौजी मरने के लिए नहीं होता, मारने के लिए होता है। कार्यक्रम में मोहन मरकाम और किरणमयी नायक की विशेष ऊपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक आचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्या श्रीमती रश्मि बोडे, चीफ एडमिन्स्ट्रेटर कर्नल रविंद्र कुमार वर्मा ने बच्चों को आशीर्वचन दिया।



#### नृत्य में महिषासुर के वध का दृश्य

कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति छात्रों ने मंच पर दी। जिसमें आकर्षण का केंद्र रहे भारत माता का वंदन गीत सर में हिमालय का छत...के माध्यम से छात्रों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। 'मराठा साम्राज्य का नाम पूरे भारत में गूंजता था.., में छात्रों के द्वारा मंच पर शानदार प्रस्तुति दी गई। महिषासुर के वध के दृश्य को नमो नमो दुर्गे..,गीत के माध्यम से आकर्षित रूप से प्रस्तुत किया गया। संस्था के चेयरमैन आचार्य सुरेंद्रपताप सिंह ने कहा कि देश के लिए मर मिटना हर किसी के वश की बात नहीं हैं, यह वही कर सकते हैं जिनके मन में देश के प्रति जज्बा और दीवानगी है।

#### जीवंत हुई कारगिल युद्ध की घटना

ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव ने कारगिल युद्ध की घटना को सभी के समक्ष सुनाया तो उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। ऐसा लगा कि सारी घटनाएं आंखों के समक्ष जीवंत हो गई। टाइगर हिल का टाइगर ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव परमवीर चक्र से सम्मानित को सामने मंच पर देखकर तालियों की गड़गड़ाहट से सभा गूंज उठी। कारगिल युद्ध के बारे में जानने के लिए बच्चों के मन में कई तरह के प्रश्न उठ रहे थे। ग्रेनेडियर को 1999 के करगिल युद्ध के दौरान, विशेष रूप से टाइगर हिल की लड़ाई में असाधारण वीरता के लिए भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र (पीवीसी) से सम्मानित किया गय था। उन्होंने कारगिल युद्ध के संघर्ष को अपनी मोटिवेशनल टॉक के साथ बच्चों को बताया कि 'किस तरह दृढ़ शक्ति से उन्होंने पाकिस्तान के सिपाहियों से अपने साथियों की रक्षा की।'

## धर्म लाइव

# भगवान की आराधना से करें नए साल का स्वागत



**रायपुर।** इन दिनों नववर्ष का इंतजार शहर का प्रत्येक व्यक्ति कर रहा है। 1 जनवरी बुधवार को जैन समाज के लोग एवं श्रद्धालुओं से अपील है कि वह तीर्थ क्षेत्र, गुरु भक्ति, अपने-अपने गृह नगर के मंदिरों में पूजा भक्ति करें। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर नएवर्ष का स्वागत करें। नववर्ष पर होटल, गार्डन और हिल स्टेशन पर ना जाएं, यह कहना है मुनि सुधासागर महाराज का। जिन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया है कि वह सभी अपने निवास स्थान पर रहकर ही नया साल मनाएं। साथ ही मंदिरों जैसे भक्ति स्थानों में जाकर भगवान की सेवा करें।

### आध्यात्मिक शिविर का आयोजन

मालवीय रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। पौष कृष्ण चतुर्दशी तिथि के अवसर पर आध्यात्मिक प्रयोगशाला शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में पूजन के दौरान 'ऊं ह्रीं श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्य पद प्राप्तये अर्घ्य निर्वपामीति स्वाहा...मंत्रोच्चर का जाप किया गया।' रविवार को सुबह 8:30 बजे मुनि सुधासागर ने जैन समाज के लोगों से मध्यप्रदेश के इंदौर शहर से अपील की। उन्होंने कहा कि नए साल का स्वागत मंदिरों में भगवान की सेवा के साथ करें। रविवार को मंदिर ट्रस्टी संजय जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष लोकेश जैन, श्रेयश जैन, प्रवीण जैन, मनीष जैन, आदेश जैन, संदीप जैन, निकेश जैन, समित जैन, कृष जैन उपस्थित रहे।

● विभिन्न प्रकाशनों की सीरीज से करते हैं परीक्षा की तैयारी, बाजार में बढ़ी इसकी बिक्री

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने कमजोर बच्चों को लुभा रहा मॉडल पेपर, एक्सपर्ट की सलाह- शॉर्टकट के भरोसे न करें पढ़ाई

बोर्ड परीक्षा में अब केवल दो महीने का समय बच गया है। हर कोई इन दिनों कम समय में बेहतर पढ़ाई करने में जुट गया है। बाजार में इन दिनों बोर्ड एग्जाम की तैयारी को लेकर कई तरह की किताबें आई हुई हैं। अब ये किताबें कमजोर बच्चों को लुभाने लगी हैं।

**रायपुर।** एग्जाम में पास होने के लिए बड़ी संख्या में बोर्ड के विद्यार्थी अब किताबों का खरीदने लगे हैं, जिसमें संभावित मॉडल पेपर और परीक्षा में आने वाले महत्वपूर्ण सवाल भी शामिल हैं। हरिभूमि ने बाजार में बिक रही सीरीज का जायजा लिया। बाजार में बिकने वाली सीरीज इस बात की गवाही देती हैं कि अब भी बच्चे सीरीज का दामन पकड़े हुए हैं और उन्हें शॉर्टकट ही पसंद है। वे सालभर पढ़ने की जहमत उठाने और फजीहत से दो-चार होने को तैयार नहीं हैं।



### महीनेभर पहले होती है धुआंधार बिक्री

शाह बुक डिपो के राकेश यादव ने बताया कि सीरीज की बिक्री बोर्ड परीक्षा शुरू होने के एक महीने पहले धुआंधार होती है। अभी गिने-चुने बच्चे सीरीज खरीदने आ रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले इस बार सीरीज की बिक्री कम है। अब तक सीरीज की पहली यूनिट बिक जाया करती थी। इस बार तो पहली यूनिट भी खत्म नहीं हो पाई है। जिन बच्चों की किसी कारणवश सालभर पढ़ाई नहीं हो पाती, वे इन्हें पढ़कर परीक्षा में सम्मानजनक अंक प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। बहुत से बच्चे अपनी तैयारी को धार देने के लिए अनसॉल्वड सीरीज ले जाते हैं।

### प्री-बोर्ड की तैयारी भी सॉल्वड और अनसॉल्वड सीरीज के भरोसा



सदर बाजार स्थित अजंता बुक डिपो के सत्यम चौहान बताते हैं कि बच्चों की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। बच्चे बड़ी तादात में सीरीज खरीदने आ रहे हैं। ज्यादातर बच्चे प्रबोध, नवबोध, अजय माला व निकिता के सॉल्वड और अनसॉल्वड सीरीज लेने आ रहे हैं। जैन बुक डिपो के प्रवीन सोनी बताते हैं कि कोरोनाकाल से ही किताब की जगह मोबाइल ने ले ली है। भले ही किताबों की बिक्री साल दर साल कम हो रही है, लेकिन सीरीज की बिक्री का इस पर कुछ असर पड़ता नहीं दिख रहा है। सीरीज में बच्चे अधिकांशतः प्रबोध और नवबोध ही ले जा रहे हैं।




### पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए लाभदायक है

हरिभूमि ने सीरीज को लेकर व्याख्याता व माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य बिहारी लाल शर्मा से बात की। श्री शर्मा बताते हैं कि बहुत से ऐसे बच्चे होते हैं, जो पढ़ाई में काफी कमजोर होते हैं। उनके लिए सीरीज उपयोगी साबित होती है। इन सीरीज में विगत सालों के पेपर होते हैं। बहुत से प्रश्नों की हर साल पुनरावृत्ति होती है। कई बच्चे खराब स्वास्थ्य के कारण सालभर नहीं पढ़ पाते, वहीं कुछ बच्चों को घर की परिस्थिति देखते, काम करते हुए पढ़ना होता है। ऐसे बच्चों का परीक्षा को लेकर एकमात्र उद्देश्य होता है कि किसी भी तरह पास हुआ जाए। इस तरह के सभी बच्चों के लिए सीरीज लाभदायक है। पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को अब सीरीज का सहारा है।

## सिटी लाइव

# पितरों को मोक्ष प्रदान करने मौनी अमावस्या पर आज लगाएंगे डुबकी



**रायपुर।** सनातन धर्म में पौष अमावस्या का बड़ा महत्व है। जैसे श्राद्ध करने से पितर प्रसन्न होते हैं, उसी तरह मौनी (सोमवती) अमावस्या पर स्नान और दान करने से भी पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, ऐसी पौराणिक मान्यता है। हिंदू कैलेंडर के तहत अब पौष माह शुरू हो चुका है। इसको पौष माह की सोमवती अमावस्या भी कहा जाता है। महादेव घाट के महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करके भगवान की पूजा-आरती का विधान है। लोग पितरों को मोक्ष प्राप्ति के लिए दान भी करते हैं। पौष अमावस्या तिथि 30 दिसंबर को है। इस दिन प्रातः 04.01 से ही इसका प्रभाव शुरू हो रहा है।

### स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि सोमवती अमावस्या का ब्रह्म मुहूर्त में 30 दिसंबर को प्रातः 5.24 बजे से 6.19 बजे तक स्नान करना शुभ फलकारी रहेगा। पूजा स्नान-दान का शुभ मुहूर्त वृद्धि योग में सुबह से लेकर रात 8.32 मिनट तक रहेगा। मान्यता है कि ऐसा करने से पितर प्रसन्न होते हैं और परिवार को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। इसके लिए लोगों को श्वेत वस्त्र धारण करके अपने पितरों को स्मरण करके उनके लिए तर्पण करना उत्तम फलकारी होता है।

# डेढ़ लाख में पंचधातु की प्रतिमा, विदेशी चित्रकारों की पेंटिंग 50 हजार तक

### स्वदेशी मेला में खरीदारी करने पहुंच रहे लोग



**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में कलाकारों के द्वारा बनाई गई मुरलीधर, गौतम बुद्ध की प्रतिमा, बूढ़ी दादी की पेंटिंग आदि लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं भदोही के मुस्कान कॉर्पेट के स्टॉल पर भी खरीदारों की भीड़ लग रही है।

हरिभूमि ने रविवार को मेले में आई आकर्षक वस्तुओं की खासियत और उनकी कीमत का जायजा लिया। संगम बताते हैं कि उनके पास गाय पर सवार श्रीकृष्ण की मूर्ति है, जिसकी कीमत डेढ़ लाख के करीब है। इसको बनाने में कई लोग लगते हैं और इसमें 10 से 15 दिन लग जाता है। डॉली आर्ट्स की दुकान पर 18000 रुपए की खूबसूरत बूढ़ी औरत की तस्वीर है। डॉली ने बताया कि इसमें चारकोल इस्तेमाल हुआ है और इस पर पेंसिल वर्क किया गया है। स्टॉल में 200 से लेकर 20000 रुपए तक की पेंटिंग हैं। डॉली घर पर पेंटिंग बनाना भी सिखाती हैं। भदोही के मुस्कान आर्ट के जिशान अली बताते हैं कि उनके पास ईरान और तुर्की से आयातित कार्पेट हैं, जिनकी कीमत 50000 रुपए से शुरू है। इनके अलावा उनके पास स्वदेशी 3, 4 डी व कश्मीरी कार्पेट भी हैं। राजस्थान से आए मार्बल आर्ट स्टॉल पर गौतम बुद्ध की प्रतिमा लगी है। इसके अलावा वॉटर फॉउटेन में भी बुद्ध की प्रतिमा लगी है, जिसे लोगों द्वारा खूब सराहा जा रहा है।



### मनमोहक है मिट्टी से बनी राधा-कृष्ण की प्रतिमा

*लखनऊ के संदीप आर्ट के स्टॉल पर मिट्टी के बने राधा-कृष्ण, भगवान शिव, भगवान गणेश की प्रतिमा लोगों का मन को लुभा रही है। इसके अलावा मिट्टी के तबला के आकार के स्टूल, पानी भरने के पात्र घड़े, परात आदि हैं। संदीप स्टॉल में बच्चों के लिए चीनी मिट्टी की सीटी है। संदीप बताते हैं कि प्रतिमा को बनाने में कई लोग लगते हैं और इसके पीछे 20 दिन खर्च होते हैं। प्रतिमा की कीमत 4000 रुपए है।*

# नशे से दूरी पढ़ाई से वास्ता दिखाएगा आगे बढ़ने का रास्ता




**रायपुर।** गांड़ा महासभा की ओर से रविवार को सिविल लाइंस के निजी होटल में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य गांड़ा समाज के लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना, युवाओं को तकनीकि शिक्षा व महिलाओं को कुटीर उद्योग में आगे बढ़ाना और आर्थिक स्रोत को बढ़ाते रहना रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंधर मिश्रा रहे। वहीं, अतिथि के रूप में नगर निगम सदस्य अजीत कुकरेजा रहे। इस अवसर पर गांड़ा समाज के लोगों के साथ युवा प्रदेश अध्यक्ष बंटी निहाल, अध्यक्ष नारायण, संयोजक रधुचंद्र निहाल व युवा समाज सेवी भगवान नायक मौजूद थे।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि गांड़ा समाज के लोगों को सबसे पहले पान मसाला खाना छोड़ना चाहिए। इससे बचने वाले पैसों को बेटे-बेटी की पढ़ाई में लगाना चाहिए। साथ ही मोबाइल का ज्यादा से ज्यादा सदुप्रयोग करने की कोशिश करनी चाहिए।

### हम सबको उनके बलिदान को नहीं भूलना चाहिए

उन्होंने आगे कहा कि नशे से दूरी बनाकर पढ़ाई से वास्ता जोड़कर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। नगर निगम सदस्य कुकरेजा ने कहा कि डॉ. बीआर आम्बेडकर ने कितनी परेशानियों का सामना करके पढ़ाई की और देश के कानून मंत्री बने। उन्होंने भारतीय संविधान बनाने में भी अहम भूमिका निभाई। हम सबको उनके बलिदान को नहीं भूलना चाहिए। पढ़ाई-लिखाई करके ईमानदार डॉक्टर, वकील व अधिकारी बनकर देश की सेवा करनी चाहिए। असल मायने में यही असली देशभक्ति होगी। युवा समाजसेवी भगवान नायक ने कहा कि गांड़ा समाज को देश की मुख्यधारा से जुड़ने की कोशिश करनी चाहिए। उसका एकमात्र विकल्प पढ़ाई है। महिलाओं को भी घर के कामकाज के अलावा कुटीर उद्योग खोलने या उससे जुड़ने की कोशिश करनी चाहिए। जिससे आमदनी बढ़ेगी और घर आगे की ओर तेजी से बढ़ेगा।

## समाज लाइव

# शहीदी सप्ताह में सिख समाज ने राहगीरों को बांटा नास्ता



**रायपुर।** गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फते सिंह की शहादत को समर्पित शहीदी सप्ताह की कड़ी में दशमेश सेवा सोसाइटी ने 21 से 27 दिसंबर तक राहगीरों को सेवा दी। इस श्रृंखला में शहर के कई स्थानों पर सुबह 6 से 9 बजे के बीच स्टॉल लगाकर लोगों को चाय-बिस्किट, नास्ते की सेवा दी। सोसाइटी के रवि भुटानी ने बताया कि आजादी के योगदान में सिख गुरुओं का योगदान रहा है। इसी कड़ी में उनकी शहादत को याद करते हुए प्रतिवर्ष शहीदी सप्ताह मनाने की परंपरा है।

### चौक-चौराहों के पास दी सेवा

सोसाइटी ने यह स्टॉल रेलवे स्टेशन चौक, मेकाहारा चौक, गुरु गोविंद सिंह चौक फाफाडीह, कालीबाड़ी, देवेंद्र नगर, मरीन ड्राइव तेलीबांधा जैसे स्थानों पर सेवा दी। इनसे हर दिन करीब तीन हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए। इन स्टॉल्स का संचालन कुछ स्थानों पर दो-तीन दिनों तक किया गया। सुबह तीन घंटे स्टॉल लगाकर मानव सेवा में सोसाइटी के राजू भुटानी, देवेंद्र ढिल्लन, गोल्डी गुम्बर, लवली अरोरा, बॉबी होरा, हतेन्दरपाल सिंह, नीतू होरा, जसबीर अरोरा की सक्रिय भागीदारी रही।

## सेजबहार में जारी श्री शिव महापुराण, पं. प्रदीप मिश्रा से कथा सुनने उमड़ा जनसैलाब

# जिसे ज्ञान का अहंकार हो गया, उसका पतन होना तय, इससे देवी-देवता भी नहीं बचे

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सेजबहार में जारी श्री शिव महापुराण कथा में छठवें दिन भक्तों का सैलाब उमड़ा। रविवार को ढाई लाख से भी ज्यादा श्रोता शिव कथा सुनने पहुंचे। आचार्य पं. प्रदीप मिश्रा ने शिव का गुणगान करते हुए बताया कि ज्ञान जहां से मिले, वहां से ग्रहण करें। इसमें अहंकार ना करें कि मैं ज्ञानी हूं। ज्ञान का कोई मूल्य नहीं होता, बल्कि वह अमूल्य है। जिसमें ज्ञान का अहंकार हो गया, उनका पतन होगा। इससे तो देवी और देवता भी नहीं बच पाए तो हम तो मनुष्य हैं। भगवान ने मानव तन दिया इसलिए घमंड नहीं, बल्कि कुछ न कुछ ज्ञान लेकर जाएं। इसे सभी के बीच बताने के साथ आगे बढ़ाने का भी प्रयास करना चाहिए।





### श्रोताओं को बताया पुण्य प्रभाव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी के साथ मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम और विधायक संपत अग्रवाल सहित देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन श्रोता के रूप में मौजूद थे। वहीं, आयोजन समिति के कमल देवांगन, लक्ष्मी नारायण देवांगन, हेमंत देवांगन के साथ दान सिंह देवांगन भी श्रोता के रूप में उपस्थित थे। इनके बीच महाराज ने शिव की महिला एवं उनकी आराधना से मिलने वाले पुण्य फल का प्रभाव भी बताया। श्रोताओं से पंडाल तो पूरा भरा हुआ था, इसके बाहर मैदान और सड़कों पर भी भक्तों की कतार लगी।

### मौसम बिगड़ते देख टीमों की बात

कथा स्थल की व्यवस्था में लगी टीमों से रात में आयोजन समिति के प्रमुख कमल देवांगन के साथ डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने समस्या सुनी। मौसम की खराबी से कहीं कोई समस्या तो नहीं, इसकी जानकारी लेने के बाद आयोजक मंडल ने कथा स्थल पर सफाई व्यवस्था को रात में ही दुरुस्त करने कहा। तीन जगह चिकित्सालय के लिए की गई डॉक्टरों की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। भक्त सर्दी -खांसी और स्वास्थ्य में खराबी को देखते हुए निशुल्क दवा भी ले रहे हैं। मौके पर एंबुलेंस की व्यवस्था है।

### श्रोताओं की भीड़ पंडाल से बाहर

रविवार को जहां पंडाल से ज्यादा भीड़ सेजबहार के खाली मैदान में रही। कथा विश्राम से पहले श्रोताओं को बताया गया कि श्री शिव महापुराण में अंतिम दिन की कथा सोमवार को सुबह 8 से 11 बजे के बीच होगी। इसे देखते हुए पंडाल में रहकर कथा सुनने के लिए दूर-दराज से आए संकल्पधारी श्रोताओं को भी कोई परेशानी न होने पाए, इसके लिए अलग-अलग व्यवस्था संभालने वाली टीमों को भी सजग रहने के लिए कहा गया है, ताकि कथा श्रोताओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। भोग प्रसादी के बाद ही सोमवार को लोग विदा लेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ से आगे निकली दिल्ली टीम



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 16 विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी का आयोजन 06 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा तीन दिवसीय मैच (28 से 30 दिसंबर) शिमोगा में दिल्ली के विरुद्ध खेला गया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 94 ओवरों में 10 विकेट खोकर 377 रन बना लिये हैं। दिल्ली की ओर से अभिराज गगन सिंह ने 101 रन, अगस्तय ने 85 रन तथा जनव ने 58 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से वेदांत जैन ने 5 विकेट तथा यर्थाथ सिह चौहान ने 2 विकेट लिये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 79 ओवरों में 10 विकेट खोकर 197 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से आर्यन सिंह ने सर्वाधिक 51 रन बनाये, उनके अतिरिक्त वेदांत खेडीया ने 28 रन तथा मानस मुलचंदानी ने 26 रन बनाये।

दिल्ली की ओर से वेंदांत सहवाग ने 4 विकेट, नकुल, अध्ययन तथा अस्मितने 2-2 विकेट लिये. दूसरे दिन की समाप्ति तक दिल्ली ने अपनी दूसरी पारी में 7 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिये है। दिन की समाप्ति तक दिल्ली 159 रनों से आगे हैं।

### इंटर क्लब टेनिस टूर्नामेंट में रीत विहार और वरुण बने चैंपियन




**रायपुर।** यूनियन क्लब और अर्जुन टेनिस अकादमी द्वारा आयोजित इंटर क्लब टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले यूनियन क्लब मे खेले गए। इसमें बॉयज़ अंडर-14, पुरुष वर्ग और गर्ल्स अंडर-16 के मुकाबले हुए। गर्ल्स अंडर-16 मे रीत बेंगानी ने आराध्य पांडे को 6-1, 6-2 से हराया। बॉयज़ अंडर-14 मे विहार शरण भाटिया ने एकलव्य सिंह राजपुत को 3-6, 6-1, 10-7 से हराया। पुरुष के एकल मे वरुण तिवारी ने उत्कर्ष मिश्रा को 6-2, 6-3 से हराया। टूर्नामेंट के समापन पे यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह होरा ने विजेताओं को ट्राफी देकर समानित किया।

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस खेलों में उतरेंगे प्रतिभागी



**रायपुर।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस बैडमिंटन (महिला/पुरूष) एवं बास्केटबॉल (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता 3 से 08 जनवरी को त्यागराज स्टेडियम दिल्ली, लोक विहार आनन्दवाश पितरनपुरा व बालभारती स्कूल दिल्ली में आयोजित है। छत्तीसगढ़ राज्य के दल के गठन हेतु बैडमिंटन महिला/पुरूष की चयन प्रतियोगिता दिसंबर को कोटा स्टेडियम तथा बास्केटबॉल चयन ट्रायल पुलिस लाइन बास्केटबॉल ग्राउंड रायपुर में आयोजित की गई। चयन ट्रायल के पश्चात राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु कोच/मैनेजर सहित चयन सूची जारी की गई है। बैडमिंटन, बास्केटबॉल हेतु 27 से 31 दिसंबर तक प्रशिक्षण शिविर क्रमशः माधवराव सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल रायपुर, पुलिस लाईन बास्केटबॉल ग्राउंड रायपुर में जारी है।

### सीनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए मनीष-आदित्य चयनित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सीनियर हैंडबॉल पुरुष टीम में महासमुंद जिले से के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया. महासमुन्द हैंडबाल संघ के सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में मनीष चंद्राकर और आदित्य चंद्राकर दोनों राष्ट्रीय कोचिंग कैंप भिलाई के पश्चात 53 वी राष्ट्रीय सीनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप कोट्टयम केरला में 26 से 29 दिसंबर तक जारी स्पर्धा के लिए चयनित हुए है। छत्तीसगढ़ सीनियर हैंडबॉल टीम के कोच व अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी एस कुणाल के नेतृत्व में टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला हैंडबॉल संघ के इस उपलब्धि हासिल करने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया, बशीर अहमद खान छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ, अकरम खान सहसचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ, एम सुरेश कुमार अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच, समीर खान महासचिव छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ, विजय बहादुर कोषाध्यक्ष, जिला संघ अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, सुरेश क्रिस्टोफर सचिव जिला ओलंपिक संघ कोरबा, जितेंद्र तिवारी सचिव जिला ओलंपिक संघ जांजगीर ने हर्ष जताया है।

## सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करता है फैटी लिवर, बचाव के करें उपाय

# फैटी लिवर बन रहा बड़ा खतरा, बचने के लिए सबसे जरूरी है इन बातों पर दें ध्यान

फैटी लिवर, जिसे हेपेटिक स्टीटोसिस के नाम से भी जाना जाता है ये आपकी सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है। इससे लिवर फेलियर का भी खतरा रहता है। आइए जानते हैं कि फैटी लिवर से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

लिवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। पाचन में मदद करने के साथ रक्त में अधिकांश रासायनों के स्तर को नियंत्रित करने, पित्त नामक उत्पाद को उत्सर्जित करने और अपशिष्ट उत्पादों को फिल्टर करके शरीर से बाहर निकालने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पेट और आंतों से निकलने वाला सारा रक्त लिवर से ही होकर गुजरता है। इतने महत्वपूर्ण कार्यों को समझने के बाद आप ये जान ही गए होंगे कि इस अंग का स्वस्थ रहना कितना जरूरी है। पर क्या आप लिवर की सेहत का सही से ध्यान रख रहे हैं? मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दुनियाभर में फैटी लिवर बीमारी के मामले काफी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। आमतौर पर माना जाता रहा है कि जो लोग अधिक शराब पीते हैं उनमें इसका खतरा अधिक होता है पर शराब न पीने वाले भी इसका शिकार हो सकते हैं। लिवर में फैट बढ़ने के कारण कई गंभीर विकारों का खतरा भी हो सकता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहनी चाहिए। आइए जानते हैं कि फैटी लिवर से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?



### पहले जान लीजिए क्या है फैटी लिवर की समस्या?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं फैटी लिवर, जिसे हेपेटिक स्टीटोसिस के नाम से भी जाना जाता है ये आपकी सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है। इसमें लिवर में फैट की मात्रा बहुत अधिक बढ़ने लग जाती है। ये स्थिति लिवर के सामान्य कार्यों को बाधित करने वाली हो सकती है। लिवर में फैट की मात्रा अधिक हो जाने के कारण इंफ्लेमेशन का खतरा बढ़ जाता है। गंभीर स्थितियों में इससे लिवर फेल होने और जान जाने तक का भी जोखिम हो सकता है। आइए जानते हैं कि आप इस खतरनाक स्थिति से कैसे बचे रह सकते हैं?



### वजन घटाना सबसे जरूरी

अध्ययनों में पाया गया है कि फैटी लिवर की समस्या के लिए वजन का अधिक होना प्रमुख कारण हो सकता है। अध्ययन से पता चला है कि शरीर का वजन 10% तक कम करने से लिवर की चर्बी, सूजन की समस्या और फैटी लिवर के कारण होने वाली अन्य दिक्कतें दूर हो सकती हैं। जामा इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित एक मेटा-विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 22 अध्ययनों की समीक्षा की। अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों का वजन कम था उन्हें भविष्य में इस बीमारी का खतरा भी कम था। वहीं फैटी लिवर के शिकार जिन लोगों ने अपने वजन को कम किया उनमें इस रोग के कारण होने वाली जटिलताएं भी कम हो गईं।



### लिवर की सेहत का रखें ख्याल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि आपके लिए मददगार हो सकती है। नियमित व्यायाम के साथ आहार पर ध्यान देना, हरी सब्जियों-फलों से भरपूर चीजें खाना और वसा वाली चीजों का सेवन कम करना न सिर्फ वजन घटाने में मददगार है साथ ही इससे लिवर की सेहत को भी ठीक रखा जा सकता है। डॉक्टर कहते हैं, कम उम्र से ही अगर वजन को नियंत्रित रखने पर ध्यान दे दिया जाए तो फैटी लिवर सहित कई प्रकार की अन्य क्रोनिक बीमारियों से भी बचे रह सकते हैं।

## सिर्फ 10 मिनट में तैयार हो जाएंगे ये व्यंजन, पार्टी के स्टार्टर में करें शामिल

नए साल पर अगर आप घर पर ही पार्टी प्लान कर रहे हैं, तो हम आपको कुछ ऐसे व्यंजन बता रहे हैं, जिसे बनाने के लिए ज्यादा पैसे की भी जरूरत नहीं होगी और ये आसानी से बन भी जाएंगे।



### पाव भाजी फोंडू

इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में मक्खन गर्म कर लें। टमाटर की प्यूरी डालकर हल्की आंच पर पका लें। फिर नमक और लाल मिर्च डालकर भूनें। जब उबाल आने लगे तो ककड़ी और गाजर डाल दें। अब कद्दूकस किया हुआ आलू, पाव भाजी मसाला और बचा हुआ सभी सामान डाल दें। जब सभी सब्जियां अच्छी तरह से पक जाएं, तो दूध डालकर ग्रेवी को पतला करें। ग्रेवी को पतली करने के बाद उबाल आने का इंतजार करें। इस दौरान पाव को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें और फिर स्टीक में लगाएं। गरमा-गरम भाजी के साथ सर्व करें।

### चीज बॉल्स

एक बाउल में मैदा को छान लें और गैस पर एक पैन को गर्म करने के लिए रख दें। जब पैन गर्म हो जाए तो हल्की आंच कर दें और मैदा डालकर लगातार चलाते हुए भुन लें, खुशबू आने लगे तो गैस बंद कर दें। इसके बाद एक दूध डालें और फिर चीज, हरी मिर्च का पेस्ट, नमक और बेकिंग सोडा डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। पेस्ट इतना गाढ़ा हो कि बाल्स आसानी से बन जाएं। अगर आप चाहें तो इसमें चावल का आटा भी मिक्स कर सकते हैं।सारी बॉल्स बनाने के बाद गैस पर कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें। फिर बॉल्स को डालकर फ्राई करें और एक प्लेट में निकाल लें। बस आपकी चीज बॉल्स बनकर तैयार हैं, जिसे सॉस के साथ सर्व किया जा सकता है।

### मिंट पी क्रोस्टिनी

इस स्नैक्स को बनाना बहुत ही आसान है। ब्रेड के किनारों को निकालकर चार टुकड़ों को काट लें। फिर बटर लगाकर हल्की आंच पर तवे पर सेक लें। फिर एक जार में पुदीने के पत्ते, मटर, नमक और लाल मिर्च डालकर पेस्ट बनाएं।

## घर में इन पक्षियों की तस्वीरें लगाना हो सकता है शुभ, दिखने लगेगा असर

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में वास्तु दोषों से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। अगर आप भी घर में सुख-शांति और आर्थिक स्थिति को ठीक करने के कुछ उपाय ढूंढ रहे हैं, तो आप दो पक्षियों की तस्वीर अपने घर में लगा सकते हैं।

### घर में लगाएं इन दो पक्षियों की तस्वीर



ज्योतिषाचार्य के अनुसार, अगर घर में आर्थिक समस्या चल रही है और लगातार कर्ज लेने की स्थिति बन रही है, तो यह वास्तु दोष के लक्षण हो सकते हैं। इससे बचने के लिए आप घर की दीवार पर मोर पंख और नीलकंठ इन दो पक्षियों की तस्वीर लगा सकते हैं। वास्तु शास्त्र में इन दोनों पक्षियों की फोटो घर में लगाना बेहद शुभ माना जाता है। मोर माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। वहीं, नीलकंठ माता दुर्गा का प्रतीक है। इन दो पक्षियों की तस्वीर घर में रखने से आर्थिक संकट दूर होते हैं। इसके साथ ही वास्तु दोषों से भी छुटकारा मिल सकता है। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

### किस दिशा पक्षियों की तस्वीर लगाना शुभ?

ज्योतिषाचार्य के अनुसार, नीलकंठ की तस्वीर को हमेशा प्रवेश द्वार पर या घर की पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना जाता है। इससे आपके घर में सुख-समृद्धि आती है। आर्थिक उन्नति के साथ-साथ घर की परेशानी भी दूर हो सकती है। अगर आप घर से निकलते वक्त नीलकंठ या मोर की तस्वीर देखते हैं, तो सभी कार्य पूर्ण होंगे। जॉब की तलाश में जा रहे हैं तो इसे देखने से शुभ परिणाम मिल सकते हैं। ज्योतिष आचार्य ने बताया कि अगर घर में वास्तु दोष हो तो इससे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती है, जैसे घर-परिवार में कलेश बढ़ना, आर्थिक समस्या उत्पन्न होना, घर में रोग-बीमारी का दस्तक देना आदि।

## अपनों को गिफ्ट में भूलकर भी न दें ये चीजें, पड़ सकती है रिश्तों में दरार



किसी के प्रति अपना प्यार या सम्मान व्यक्त करने के लिए सबसे अच्छा तरीका उसे उपहार देना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि उपहार देने से रिश्ते और मजबूत होते हैं। ऐसे में यदि आप भी नए साल पर अपने किसी प्रियजन को उपहार देना चाहते हैं तो ज्योतिष के कुछ नियमों को जरूर जान लें।

कुछ ही दिनों बाद साल 2024 खत्म होने वाला है और साल 2025 का आगाज हो जाएगा। नए साल के आते ही बधाइयों का सिलसिला शुरू हो जाता है। साथ ही लोग नए साल पर अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को उपहार भी देते हैं। किसी के प्रति अपना प्यार या सम्मान व्यक्त करने के लिए सबसे अच्छा तरीका उसे उपहार देना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि उपहार देने से रिश्ते और मजबूत होते हैं। ऐसे में यदि आप भी नए साल पर अपने किसी प्रियजन को उपहार देना चाहते हैं तो ज्योतिष के कुछ नियमों को जरूर जान लें। दरअसल, ज्योतिष के जानकारों का मानना है कि कुछ चीजों को कभी भी उपहार के रूप में नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से धिरे-धिरे रिश्ते की मिठास कम होने लगती है। तो चलिए जानते हैं ऐसी कौन सी चीजें हैं जिन्हें नए साल पर किसी को गिफ्ट में नहीं देना चाहिए...

### जूते-चप्पल

कभी किसी को उपहार के रूप में जूते या चप्पल नहीं देना चाहिए क्योंकि जूते चप्पल दरिद्रता का प्रतीक माने जाते हैं। ये चीजें गिफ्ट में देने से दरिद्रता कभी पीछा नहीं छोड़ती है।

### घड़ी और रुमाल

यदि आप नए साल के अवसर पर घड़ी या रुमाल गिफ्ट में देना चाहते हैं तो ऐसा बिल्कुल भी न करें। ऐसी मान्यता है कि रुमाल देने से नकारात्मकता बढ़ती है और रिश्तो में गलतफहमी पैदा होती है। वहीं किसी को घड़ी देने से अच्छा समय भी खराब होने लगता है।

### नुकीली चीज

किसी को गिफ्ट देते समय ध्यान रखें कि उसमें कोई भी नुकीली चीज ना हो। ज्योतिष के जानकारों के अनुसार नुकीली चीज गिफ्ट में देने से रिश्तों में धोखा मिलता है। वहीं आपको भी ऐसी चीजें उपहार में मिलें तो इन्हें किसी को दान दे दें। भूल से भी अपने पास न रखें।

### पर्स या बैग


पर्स या बैग भी किसी को उपहार में नहीं देना चाहिए। ऐसा करने से हमारी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है।

देवी-देवताओं की मूर्तियां

भगवान की मूर्तियां किसी को उपहार में देने से बचना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो भगवान आपसे नाराज हो सकते हैं।

### मनी प्लांट

कभी भी किसी को मनी प्लांट उपहार में नहीं देना चाहिए और न ही किसी से लेना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको आर्थिक तंगी से जूझना पड़ सकता है।



















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्ट्रेस-सिंगर सेलिना ने साझा किए बॉयफ्रेंड संग रोमांटिक पल, सगाई के बाद हैं खुश



साल के आखिर में बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में सेलिब्रिटी वैकेशन मनाते हुए नजर आ रहे हैं। हाल ही में हॉलीवुड सिंगर, एक्ट्रेस सेलिना गोमेज ने भी अपने बॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ छुट्टियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। सेलिना गोमेज हॉलीवुड में बहुत फेमस हैं, उनकी इंडियन फैंस की तादाद भी काफी ज्यादा है। वह सोशल मीडिया पर कोई तस्वीर साझा करती है तो फैंस लाखों में व्यूज और लाइक्स देते हैं। हाल ही में सेलिना ने अपने बॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ एक रोमांटिक तस्वीर साझा की है, इसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।

सेलिना ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर बेनी ब्लैंको के साथ वैकेशन की कुछ प्यारी तस्वीर साझा की है। इनमें वह बेनी को लिप किस करती हुई नजर आई। दोनों का यह रोमांस देखकर, फैंस ने खूब कमेंट्स भी किए। इस जोड़े की यह प्यार भरी तस्वीर फैंस को खूब पसंद आई। सेलिना और बेनी ब्लैंको लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। हाल ही में दोनों ने सगाई भी की है। हो सकता है कि जल्द ही यह हॉलीवुड कपल शादी भी कर ले। बेनी भी हॉलीवुड में बतौर सॉन्ग राइटर एक्टिव हैं। वह कई हॉलीवुड फिल्मों के लिए काम कर चुके हैं। बेनी बतौर प्रोड्यूसर भी हॉलीवुड में काम करते हैं। सेलिना पहली बार किसी के प्यार में नहीं है। सालों पहले सिंगर जस्टिन बीबर के साथ भी उनका रिलेशनशिप चर्चा में रहा। लेकिन आगे चलकर इनका ब्रेकअप हो गया। जस्टिन ने किसी और से शादी कर ली और वह एक खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

### टॉलीवुड

## वेत्रिमारन की फिल्म 'वादिवासल' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार सूर्या



निर्देशक वेत्रिमारन ने 'विदुथलाई भाग 2' का काम पूरा कर लिया है। फिल्म रिलीज भी हो चुकी है। ऐसे में संभावना है कि फिल्म निर्माता जल्द ही सूर्या अभिनीत फिल्म वादिवासल पर काम शुरू करेंगे। सूर्या और निर्देशक वेत्रिमारन की बहुप्रतीक्षित परियोजना 'वादिवासल' का इंतजार प्रशंसक कई वर्षों से कर रहे हैं। वहीं, अब निर्माता ने हाल ही में दिए साक्षात्कार में इस फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारियां साझा कीं। फिल्म के निर्माता ने वादिवासल पर चर्चा करते हुए कहा कि सूर्या शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। पहले निर्देशक 'विदुथलाई भाग 2' के निर्माण में व्यस्त थे। वह फिल्म अब रिलीज हो गई है। इसके अलावा निर्माता ने बताया कि इस दौरान फिल्म पर काम लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म का एक अहम हिस्सा एनिमेट्रोनिक बैल लंदन में अपने आखिरी स्टेज पर है, जिससे यह संभावना है कि फिल्म जल्द ही फ्लोर पर आ जाएगी। कुछ समय पहले सूर्या की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'वादिवासल' की घोषणा की गई थी। वेत्रिमारन द्वारा निर्देशित यह फिल्म तमिलनाडु में बैलों को काबू में करने के त्योहार की कहानी पर आधारित है, जो बदले की कहानी भी पेश करेगी। कहानी कथित तौर पर पिच्ची और मरुदन पर केंद्रित है, जो पेरियापट्टी गांव में वार्षिक बैल-वशीकरण उत्सव में भाग लेते हैं। दोनों का लक्ष्य एक क्रूर बैल को वश में करना है, जिसने अतीत में पिच्ची के पिता को हराया था, जिससे बदला लेने वाली कहानी की शुरुआत होती है। चूंकि फिल्म काफी समय से प्री-प्रोडक्शन स्टेज में थी, इसलिए रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इसे शायद रोक दिया गया है। हालांकि, निर्देशक ने खुद 2024 में मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि फिल्म को रोका नहीं गया है, बल्कि उनकी अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण इसे टाल दिया गया है।

### भोजपुरी

## धमाल मचाने वाला गाना 'हमके देखेला दुश्मन जैसे' हुआ रिलीज



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में नया गाना 'हमके देखेला दुश्मन जैसे' रिलीज हुआ। खुशी कक्कड़ और माही श्रीवास्तव के स्वैग इस गाने में खूब नजर आ रहा है। इस गाने के बोल रवि यादव ने लिखे हैं और संगीत विकी वॉक्स ने तैयार किया है। गोल्डी जयसवाल और सनी की कोरियोग्राफी ने गाने में शानदार डांस मूव्स जोड़े हैं।

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाला एक नए गाने 'हमके देखेला दुश्मन जैसे' ने दस्तक मारी है। रिलीज होते ही ये गाना दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गया है। इस गाने में दो यूथ आइकॉन खुशी कक्कड़ और माही श्रीवास्तव का स्वैग खूब दिख रहा है, जहां खुशी कक्कड़ ने अपनी सुरीली आवाज से गाने को खास बना दिया है, वहीं माही श्रीवास्तव का जबरदस्त परफॉर्मेंस और स्क्रीन प्रेजेंस इसे और भी दिलचस्प बना रहा है। यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है और इसके आते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। दर्शक न केवल गाने की धुन और बोल की तारीफ कर रहे हैं, बल्कि खुशी कक्कड़ और माही श्रीवास्तव की जोड़ी को भी खूब सराह रहे हैं। माही श्रीवास्तव ने गाने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, 'हमके देखेला दुश्मन जैसे एक ऐसा गाना है, जो हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देगा।

## लंदन फैशन वीक की तैयारी

लंदन फैशन वीक का दुनिया भर के फैशन के प्रशंसकों और विशेषज्ञों को इंतजार रहता है। साल 2025 में होने वाले आयोजन के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। डिजाइनर नेन्सी डोजाका नारीत्व और सशक्तीकरण के अपने खास मिश्रण को यहां पेश करेंगी। इसमें कैल्विन क्लेन के साथ उनके शो का दर्शकों को इंतजार रहेगा।



लाइफ स्टाइल

## सफेद मोजे नीचे से हो गए हैं काले तो करें ये उपाय



सफेद मोजे को धोने में हर कोई परेशान हो जाता है, क्योंकि इनके तलवों के जिद्दी दाग आसानी से जाते नहीं है। अगर आप उन्हें रगड़ेंगे या फिर ब्रश का प्रयोग करेंगे, तो मोजे खराब हो सकते हैं। ऐसे में लोग सफेद मोजो पर लगे काले निशान साफ नहीं कर पाते और वह कुछ टाइम प्रयोग करने के बाद फेंक देते हैं। सफेद मोजों पर नीचे की तरफ लगे काले निशान को साफ करने के लिए आप बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

इसकी मदद से दाग आसानी से निकल जाएंगे। लेकिन इससे साफ करने से पहले आपको गंदे मोजों को 2 घंटे तक पानी में भिगो कर रखना होगा। इस प्रोसेस को करने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में दो चम्मच बेकिंग पाउडर मिलाएं। इसके बाद पानी में डिटर्जेंट पाउडर मिलाकर, 2 घंटे के लिए गंदे मोजों को भीगे रहने के लिए छोड़ दें। इसके बाद जब आप इन मोजों को हाथ से हल्के हाथ से रगड़ेंगे, तो आप देखेंगे कि मोजों से दाग आसानी से उतरने लगा है। अगर पूरी तरह से दाग नहीं उतरता है, तो फिर आप मोजों को सिरके के पानी में भी भिगो कर रख सकती हैं। यकीन मानिए इस प्रोसेस को करने के बाद दाग आसानी से छूट जाएंगे।

साथ ही, मोजे चमकदार और मुलायम भी लगेंगे। तलवों पर लगे दाग को साफ करने के लिए नींबू का प्रयोग करना सबसे आसान है। इसके लिए आपको सबसे पहले एक बर्तन में 2 से 3 ग्लास पानी गर्म करना है। आप उतना पानी गर्म करें, जिसमें मोजे आसानी से धुल जाएं। अब आप 3 नींबू को काटकर इसके रस को पानी में डाल दें। इसके साथ आप बर्तन धोने के लिक्विड की 6 से 7 बूंदे इसमें डालें। अब मोजों को इस गर्म पानी के घोल में 20 मिनट तक छोड़ दें। इसके बाद आप मोजों को पानी से निकालें और हल्के हाथों से रगड़ें। ऐसा करने पर आप देखेंगे कि मोजों के तलवे बिल्कुल चमकने लगे हैं।

## पार्टी में स्टाइल करें ये वेस्टर्न आउटफिट्स, लगेंगी बेहद खूबसूरत



फैशन

न्यू ईयर पार्टी के लिए हर कोई रेडी है। कई सारे ऑफिस ऐसे होते हैं जहां पार्टी रखी जाती हैं। वहां पर हर कोई अच्छे से ड्रेस होकर आता है ताकि वो खूबसूरत दिख सके। खासकर लड़कियां क्योंकि वो साल की आखिरी पार्टी में सबसे सुंदर दिखने के लिए पहले से ही आउटफिट प्लानिंग करती रहती हैं। लेकिन इसके बाद भी क्या स्टाइल किया जाए इस बात को लेकर हमेशा कंन्फ्यूज रहती हैं। इसी कन्फ्यूजन को दूर करने के लिए आप यहां बताए गए आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर नजर आएगी।



व्हाइट पैंट सूट करें स्टाइल

अगर आपको पार्टी में थोड़ा प्रोफेशनल लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए बेस्ट है कि आप व्हाइट पैंट सूट स्टाइल करें। जैसा इस फोटो में हिना खान ने वियर किया है। इसमें वो काफी सुंदर लग रही हैं। इसे Boutiquobysaachi द्वारा डिजाइन किया गया है। आप मार्केट से इस तरीके के आउटफिट्स खरीदकर ऑफिस पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं और परफेक्ट लग सकती हैं। इसके साथ पर्ल डिजाइन वाले इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप से लुक को परफेक्ट तरीके से कंप्लीट कर सकती हैं।

### जंपसूट करें वियर

अगर आपको कम्फर्टेबल दिखना है तो इसके लिए आप पार्टी में जंपसूट वियर कर सकती हैं। इसमें काफी अच्छे डिजाइन (ओवरसाइज आउटफिट स्टाइल करने का तरीका) मिल जाते हैं। दिया मिर्जा ने भी इस फोटो में जंप सूट को वियर किया हुआ है जो गोल्डन कलर का है और प्रिंट वर्क हुआ है। इस जंपसूट को Ritu Kumar द्वारा डिजाइन किया गया है। आप भी इस तरह के जंपसूट को ऑफिस पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे।

अगर आपको कुछ नए ट्रेंड के आउटफिट को स्टाइल करने का मन है तो इसके लिए आप लॉन्ग गाउन को स्टाइल कर (आउटफिट स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इसें आजकल आपको ज्यादा प्लीट्स वाले गाउन मिलेंगे। जिसे आप पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसके साथ ज्वेलरी भी एड कर सकती हैं और स्टाइलिश लुक के लिए हील्स और स्लीक ओपन हेयर स्टाइल।

## सर्दी में टीशर्ट पहनिए और लुक पर पाइए फुल मार्क



अलमारी में रखी आपकी टीशर्ट अब पहनने का मौका ही नहीं मिलता है? क्योंकि सर्दी के मौसम में टीशर्ट का क्या काम, पिछले कई महीनों से ये बस रखी हैं। अगर ऐसा आपके साथ भी है तो अब ऐसा मत कीजिएगा क्योंकि टी शर्ट को सर्दी में भी कई तरह से पहना जा सकता है। ये वो तरीके हैं, जो आपको सर्दी में भी टीशर्ट के साथ हैंडसम दिखाएंगी-

### कोट करेंगे आपकी मदद

इस वक्त कोट तो पहने ही जा सकते हैं। आप भी इन्हें अपने लुक में शामिल करते होंगे लेकिन अब कोट लुक में टीशर्ट को भी शामिल कर लीजिए। इसमें आपको जींस का साथ मिल जाए तो बिल्कुल एलीगेंट लुक आपको मिल जाएगा। आप लॉन्ग कोट के साथ जींस और अपनी पसंद की टी शर्ट पहनिए। इस वक्त रंगों के कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें।

### कस्टम मेड टीशर्ट हैं तो

अगर आपके पास कस्टममेड टीशर्ट हैं तो आप इनको कोट के साथ पहनकर सिंपल लुक पा सकते हैं। लेकिन इस लुक को स्नीकर के साथ मैच करके पूरा किया जाए तो सबकुछ परफेक्ट हो जाएगा।

### ओवर साइज टीशर्ट का फैशन

ओवरसाइज टीशर्ट का फैशन पिछले लंबे समय से चल रहा है तो आपके पास भी ये जरूर होंगी। इनको भी विंटर फैशन में शामिल किया जा सकता है। इन टीशर्ट के साथ आपको स्पोर्टी लुक मिल सकता है।इसके साथ आप लेगिंग स्टाइल पैंट पहनें और साथ में मनपसंद जैकेट भी। स्टाइलिश स्नीकर हों तो और भी अच्छा। टीशर्ट लेयरिंग में काफी काम आती है। इनको आप डेनिम शर्ट के साथ पहनें और ऊपर से जैकेट या लॉन्ग कोट पहन लें।

## इस मौसम में स्टाइल करें बूट्स, दिखेंगी खूबसूरत



पार्टी में जाना हर किसी को पसंद होता है। इसलिए लोग पहले से ही इस चीज की प्लानिंग करते रहते हैं। किसी को अपने लिए अच्छी ड्रेस खरीदनी होती है तो किसी को जरूरत होती है कम्फर्टेबल फुटवियर की इसलिए वो ड्रेस के साथ पहनने के लिए अलग-अलग डिजाइन के फुटवियर को लेते हैं। लेकिन जब बात आती है पार्टी की तो इसके लिए हमें कुछ तो स्टाइलिश लेना पड़ेगा। इसके लिए आप बूट्स को वियर कर सकती हैं। ये हर एक ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं और सर्दियों के लिए बेस्ट होते हैं।

### जींस के साथ स्टाइल करें बूट्स

पार्टी में कई सारी लड़कियां होती हैं जो जींस और टॉप वियर करना पसंद करते हैं। इसके साथ भी आप बूट्स को वियर कर सकती हैं। इसके लिए लॉन्ग या शॉट दोनों तरह के बूट्स को खरीदें और स्टाइल करें। इसमें आपको अलग-अलग कलर ऑप्शन भी मिल जाएंगे। जिसे आप जींस के कलर से मैच करके वियर कर सकती हैं। मार्केट में आपको ये बूट्स 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

### ड्रेस के साथ स्टाइल करें बूट्स

ड्रेस के साथ भी बूट्स अच्छे लगते हैं इसलिए आप इन्हें भी वियर कर सकती हैं। इससे लुक और ज्यादा (फुटवियर डिजाइन) स्टाइलिश लगता है। लेकिन ड्रेस के नीचे पहनने के लिए आप हमेशा लॉन्ग बूट्स को खरीदें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसको पहनने से पहले आप गर्म स्टॉकिंस पहन सकती हैं फिर बूट्स स्टाइल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### अधिकतर दूल्हों से हो जाती हैं कुछ गलतियां, टिप्स जानना जरूरी

## दूल्हा बन रहे हैं तो कीजिए कुछ खास तैयारी इन फैशन मिस्टेक से जरूर बच कर रहिए

*इन दिनों खरमास चल रहा है और शादियों के मुहुर्त फरवरी में शुरू होंगे लेकिन तैयारियां जोरों पर है। विंटर वेडिंग फैशन मिस्टेक करने वाले शादी के महंगे कपड़ों में भी स्टाइलिश नहीं दिख पाते। फैशन मिस्टेक के कारण उनका वेडिंग लुक बिगड़ जाता है, जबकि लड़कियां (दुल्हन) इन बातों का ख्याल रखती हैं।इस वजह से केवल लुक ही नहीं बिगड़ता बल्कि ठंड भी लगने लगती है, जिससे कई बार शादी का मजा किरकिरा हो जाता है। फिर ठंड में जैसे-तैसे शादी की रस्म निभानी पड़ती है। इसलिए हम यहां पर विंटर वेडिंग फैशन से जुड़ी कुछ खास बातें बता रहे है।*



### गलत फैब्रिक की वेडिंग ड्रेस

कपड़े हमेशा सीजन के हिसाब से खरीदने चाहिए। हर मौसम के अनुसार फैब्रिक पहनना चाहिए। जैसे- गर्मी के मौसम में कॉटन के कपड़े। मगर कई लड़के सर्दी के मौसम में भी फैब्रिक की पहचान किए बगैर ही कपड़े खरीद लेते हैं। इस वजह से उनको परेशानी होती है। जैसे- ठंड लगना, अनकंफर्ट फील करना आदि।

इसलिए सर्दी के मौसम में शादी करने वाले लड़कों को अपने लिए हल्के वुलेन, नायलॉन, पॉलिस्टर जैसे फैब्रिक के बनी ड्रेस पहननी चाहिए। लेकिन कई लोग इस बात को भूलकर केवल डिजाइन और स्टाइल का ध्यान रखकर ही ड्रेस खरीद लेते हैं। इससे उनका लुक भी बिगड़ जाता है। वेडिंग ड्रेस की शॉपिंग करते वक्त इन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

### गलत डिजाइन की वेडिंग ड्रेस

हर मौसम के हिसाब से कपड़े बनाए जाते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में हमें कुछ बातों का ख्याल रखकर कपड़े पहनने चाहिए। जैसे- ठंड के मौसम में धोती-कुर्ते की बजाय वेस्टर्न ड्रेस, शेरवानी आदि पहनें।

धोती-कुर्ते में सर्दी अधिक लगती है। साथ ही इसके अंदर पहने जाने वाले गर्म कपड़े भी नजर आने लगते हैं। इस वजह से हमें सही डिजाइन की ड्रेस पहननी चाहिए। मगर इस बात का ध्यान भी अधिकतर लड़के नहीं रखते हैं।

### अधिक गर्म कपड़े पहनना



कई लोग गलत डिजाइन और फैब्रिक की ड्रेस खरीद लेते हैं। इस वजह से वे सर्दी से बचने के लिए अंदर ऊनी कपड़े पहन लेते हैं। ऐसे में शरीर फूला हुआ दिखाई देता है। सर्दी से बचने के कारण यह बात उनको नजर नहीं आती लेकिन गेस्ट इस बात को नजरअंदाज नहीं कर पाते हैं। इससे बेहतर होगा कि अच्छी क्वालिटी के थर्मल पहनें।